आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 268 ● कटनी ● गुरुवार, 3 नवम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-10 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## 70 बच्चों की मौत मामले में गाम्बिया सरकार का यू-टर्न

**गाम्बिया, एजेंसी।** गाम्बिया में कथित तौर पर भारतीय कफ सिरप से 70 बच्चों की कथित मौत के मामले में ब?ा यू-टर्न आया है। गाम्बिया ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है कि भारत में बनी खांसी की दवा ही बच्चों की मौत की वजह है।

## आवारा पशुओं की समस्या से छुटकारा पाने के लिए बड़ा कदम



**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश में लगातार देखा जा रहा है कि सड़क दुर्घटना में कोई मवेशी या तो मर जाता है या बुरी तरह जख्मी हो जाता है। कई बार आवारा पशुओं के हमले से इंसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार ने बड़ा और सख्त कदम उठाया है। सरकार ने शिकंजा कसने के लिए मध्य प्रदेश नगर पालिका विधि (संशोधन) अध्यादेश जारी किया गया है।

**मप्र नगर पालिका विधि (संशोधन) अध्यादेश जारी, देने पड़ सकते हैं 1000 रुपये**

मिली जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश नगर पालिका विधि (संशोधन) अध्यादेश जारी होने के बाद अब लापरवाह पशुपालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकेगी। इसके अनुसार पशुपालकों पर जुर्माना लगाया जा सकेगा। मध्य प्रदेश में सड़क या सार्वजनिक स्थान पर मवेशी छो?ना या बांधना भारी पड़ेगा। क्योंकि ऐसा करने वालों के खिलाफ प्रशासन 1000 रुपये का जुर्माना लगा सकता है। बताया जा रहा है कि इस अध्यादेश जारी होने के बाद से मध्य प्रदेश की सभी नगर पालिका क्षेत्र में लागू हो जाएगा। इसे विधेयक के रूप में विधानसभा के शीतकालीन सत्र में नगरीय विकास एवं आवास विभाग सदन में पेश कर पास करवाएगा। वहीं अध्यादेश जारी होने के बाद सभी जिलों, संबंधित विभाग, अधिकारी और नगर पालिकाओं का सूचना दे दी गई है। और वो सभी उस अध्यादेश के आनुसार कार्रवाई कर सकते है।

# लाल किले पर हमले के दोषी अशफाक की सजा-ए-मौत बरकरार

## SC में याचिका खारिज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 2000 में हुए लाल किले पर हमले के मामले में दोषी मोहम्मद अशफाक आरिफ को सुप्रीम कोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया है। गुरुवार को शीर्ष न्यायलय ने आरिफ की मौत की सजा को बरकरार रखा। मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित की अगुवाई में सुनवाई कर रही बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया है। लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी आरिफ को 22 दिसंबर 2000 में दिल्ली के लाल किले में सेना के बैरक पर हमले का दोषी पाया गया था। इस हमले के मास्टरमाइंड माने गए आरिफ को साल 2005 में दिल्ली की ट्रायल कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी। वहीं, साल 2007 में दिल्ली हाईकोर्ट ने मौत की सजा की पुष्टि कर दी थी। साल 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने भी दोषी की फांसी की सजा को बरकरार रखा था। दिसंबर 2000 को हुए हमले में तीन लोगों की मौत हो गई थी। घटना के चार दिनों के बाद आरिफ को पत्नी रेहमाना यूसुफ फारूकी के साथ गिरफ्तार किया गया था। ट्रायल कोर्ट ने साल 2005 में आरिफ समेत 6 लोगों को दोषी पाया गया था। सभी पर हत्या, आपराधिक साजिश और भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने के आरोप थे। हालांकि, अरिफ के अलावा अन्य लोगों को कैद मिली थी। 22 साल पहले 22 दिसंबर को कुछ घुसपैठियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी थी और तीन लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। इनमें 7वीं राजपुताना राइफल्स के दो जवान भी शामिल थे। बाद में पाकिस्तानी नागरिक आरिफ को गिरफ्तार किया गया। 10 अगस्त 2011 में भी शीर्ष न्यायालय ने दोष के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

## तिहाड़ जेल में मसाज करवाते हैं सत्येंद्र जैन?

नई दिल्ली, ईएमएस। तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल सरकार में स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत पर जेल प्रबंधन से रिपोर्ट तलब की है। ईडी ने कहा था कि जैन कोर्ट की अनुमति के बगैर ही जेल में घर का बना खाना खा रहे हैं। सूत्रों ने कहा है कि जेल के सीसीटीवी फुटेज में वह इसी मामले में एक सह-आरोपी के साथ अपने सेल के अंदर घंटों मुलाकात करते दिखाई दे रहे हैं। आपको बता दें कि ईडी ने धन शोधन के इस मामले में जैन को इसी साल मई माह में गिरफ्तार किया है। मामले सामने आने के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने सत्येंद्र जैन को तुरंत दूसरी जेल में शिफ्ट करने की मांग की थी। आदेश गुप्ता ने कहा था कि एक मंत्री जो मनी लॉन्ड्रिंग केस में पिछले 6 महीने से जेल में बंद है, वो अभी भी दिल्ली सरकार में मंत्री पद पर बरकरार है। वो जेल से ही मंत्रालय चला रहे हैं। आदेश गुप्ता ने कहा कि जेल में सत्येंद्र जैन मुख्य गवाहों से मिलते हैं और उनको प्रभावित करने का काम करते हैं।

## गुजरात में बजी चुनाव की रणभेरी

# 1 और 5 दिसंबर को मतदान, 8 को नतीजे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात विधानसभा चुनाव की तारीखों का इंतजार अब खत्म हो गया है। चुनाव आयोग ने गुरुवार को गुजरात की चुनावी तारीखों का ऐलान कर दिया है। पहले राउंड का मतदान 1 दिसंबर को होगा और दूसरे चरण की वोटिंग 5 दिसंबर को होगी। इसके बाद 8 दिसंबर को चुनाव का नतीजा आएगा। इसी दिन हिमाचल प्रदेश के चुनावी नतीजों का भी ऐलान होना है, जहां 12 नवंबर को एक ही राउंड में वोटिंग होने वाली है। गुजरात चुनाव में 2007 से ही दिसंबर में चुनाव होता रहा है और दो राउंड में वोटिंग की परंपरा रही है। चुनाव के ऐलान के साथ ही गुजरात में अधिसूचना लागू हो गई है। 14 नवंबर तक उम्मीदवार नामांकन दाखिल कर सकते हैं और नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 17 नवंबर है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि गुजरात विधानसभा का कार्यकाल 18 फरवरी को समाप्त हो रहा है, जिसमें अभी करीब 100 दिन बाकी हैं। 10 अक्टूबर, 2022 को राज्य में मतदाता सूचियों का प्रकाशन हो चुका है। इस बार 4.9 करोड़ मतदाता गुजरात चुनाव में वोट डालेंगे। उन्होंने कहा कि 1 अक्टूबर, 2022 तक 18 साल के होने वाले युवाओं को भी वोटिंग का मौका दिया जा रहा है। कुल 4.6 लाख वोटर ऐसे हैं, जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। राज्य में मतदान के लिए कुल 51,782 केंद्र बनाए जाएंगे। मतदान केंद्रों पर पीने के पानी की सुविधा होगी और बुजुर्गों के आराम के लिए वेटिंग एरिया भी बनाया जाएगा। मतदाताओं के अनुभव को बेहतर करने के लिए राज्य में 142 मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके अलावा 1,274 मतदान केंद्र ऐसे होंगे, जहां सिर्फ महिला कर्मियों एवं सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जाएगी। हर जिले में कुछ बूथ ऐसे होंगे, जहां एकदम युवा निर्वाचन कर्मियों को तैनात किया जाएगा। हमने युवाओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए यह फैसला लिया है।

## डॉक्टर बोले-हैरान रह गया, देश में रेयर केस

# 21 दिन की बच्ची से निकाले गए 8 भ्रूण





**रांची, एजेंसी।** रांची में 21 दिन की बच्ची के पेट से आठ भ्रूण। निकाले गए हैं। यह चौंकाने वाला मामला है। ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर ने कहा कि हम तो हैरान रह गए। हमें इस बात की जानकारी नहीं थी, क्योंकि रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं था ऑपरेशन के दौरान जब यह हुआ तो हम भी हैरान रह गए। यह रेयर केस है। अब तक जितने मामले सामने आए हैं, उसमें एक या दो भ्रूण ही निकले हैं। देश में अब तक 10 ऐसे केस आए हैं। बच्ची के माता-पिता रामगढ़ के रहने वाले हैं। बच्ची का जन्म 10 अक्टूबर को हुआ था। उसके पेट में सूजन थी। जन्म के दो दिन बाद ही अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। रानी चिल्ड्रेन अस्पताल के डॉक्टरों ने सिटी स्कैन किया। बच्ची के पेट के अंदर ही डर्माइट सिस्ट होने का पता चला। इसमें शरीर के कुछ सेल्स मिलते हैं। ऑपरेशन में 8 भ्रूण निकले।

### आयुष्मान भारत के तहत हुआ इलाज

बच्चा दो दिन का था और इस बच्चे का इलाज आयुष्मान भारत के तहत करना था तो इसके शुरुआती इलाज के बाद इसे डिस्चार्ज कर दिया गया। बच्चे को 21 दिन बाद बुलाया गया।रानी चिल्ड्रेन अस्पताल के डॉ. इमरान ने कहा, दुनिया का यह पहला मामला है जब पेट से आठ भ्रूण निकाले गए हैं। इसे फीटस इन फीटू कहते हैं। यह बहुत ही रेयर कंडीशन है। इसके दुनिया भर में 200 से भी कम केस मिले हैं। वह भी पेट से एक भ्रूण निकाला गया है, लेकिन 21 दिन की नवजात बच्ची के पेट से आठ भ्रूण निकालते समय हैरान रह गया।

# फांसी पर लटके मिले मां व दो बेटियों के शव

**दमोह, यशभारत।** दमोह शहर के जटाशंकर कॉलोनी में बुधवार शाम करीब 7 बजे एक महिला अपनी दो बेटियों के साथ फंदे पर लटकी मिली। मृत महिला के माता-पिता का आरोप है कि उनकी बेटी के 2 बेटियां थी, जिससे उनका पति नाखुश रहता था। इसलिए मारपीट करता रहता था। उसी ने उनकी बेटी और दोनों नातिनों को फांसी पर लटका दिया है। सूचना मिलने के बाद रात करीब 8.30 बजे कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को जिला अस्पताल के शव गृह में लाकर रखा गया है। लता रजक अपनी 4 साल की बेटी इशिका और 2 साल की बेटी रिया के साथ फंदे पर लटकी मिली है। लता के पिता शब्बू रजक का आरोप है कि उनकी बेटी का पति हाकम बेटे की चाह रखता था। उनकी बेटी की दो बेटियां पहले से थी, जिन्हें लेकर वो हमेशा ही गुस्से में रहता था। इसके अलावा बेटी के चरित्र पर संदेह भी करता था। उनका आरोप है कि उनके दामाद ने ही बेटी और दोनों नातिनों को फंदे से लटकाया है।

**महिला के माता-पिता बोले- बेटे की चाह में दामाद ने मारकर फंदे पर लटकाया**

### जमीन से टिके मिले दोनों के शव

उनकी बेटी के पैर फंदे पर लटकने के बाद जमीन से टिके हुए हैं। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली थाना में पदस्थ एएसआई अलजार सिंह मौके पर पहुंचे हैं और घटना की जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल महिला का पति घर से गायब है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

# खरगोन में बैंक से 21 लाख रुपए चोरी

**खरगोन, ईएमएस।** मध्यप्रदेश के खरगोन में जिला सहकारी बैंक से लगभग 21 लाख रुपए चोरी का मामला सामने आया है। घटना के बाद से ही बैंक का सुरक्षा गार्ड गायब बताया जा रहा है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि बैंक के गार्ड ने ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस बैंक सुरक्षा गार्ड की तलाशी कर रही है। वहीं बैंक और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे है। खरगोन जिले के गोगांवा थाने के घुघरिया खेडी गांव में जिला सहकारी बैंक की शाखा से 21 लाख 26 हजार 399 रुपए की चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। चोरी की घटना के बाद बैंक का गार्ड लापता है। पुलिस को आशंका है की बैंक के सुरक्षा गार्ड ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस फरार सुरक्षा गार्ड की तलाश कर रही है। सुबह जब बैंक मैनेजर सहित बाकी स्टाफ बैंक पहुंचे ।

**गार्ड लॉकर तोड़ हुआ फरार?**




## उत्तर कोरिया ने दागी मिसाइल

### जापान में इमरजेंसी अलर्ट जारी लोगों से अंदर रहने को कहा

**टोक्यो, एजेंसी।** कोरियाई देशों की तरफ से मिसाइल दागे जाने का सिलसिला जारी है। इसका नतीजा यह हुआ कि जापान में इमरजेंसी अलर्ट जारी हो गया है। गुरुवार सुबह उत्तर कोरिया की तरफ से मिसाइल दागे जाने के बाद जापान सरकार ने यह कदम उठाया है। रहवासियों को घरों के अंदर ही रहने के लिए कहा गया है। खबर है कि यह मिसाइल प्रशांत महासागर में कहीं गिरी है।जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया, च्उत्तर कोरिया ने संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की है।ज कार्यालय के अनुसार, जापान के हवाई क्षेत्र के जरिए बैलिस्टिक मिसाइल को इस तरह से दागना ऐसा काम है, जो संभावित रूप से जापान के लोगों के जीवन और संपत्ति को प्रभावित कर सकता है।आगे जानकारी दी गई कि जापान सरकार इस बात की पुष्टि करेगी कि कोई नुकसान हुआ है या नहीं। उत्तर कोरिया की तरफ से भविष्य में उठाए जाने वाले संभावित कदमों की जानकारी जुटाना और विश्लेषण करना जारी रख जाएगा।


# ट्रक में रखा एयरप्लेन विंग बस से टकराया

## केरल से हैदराबाद ले जा रहे थे विंग, बस ड्राइवर और कई यात्री घायल



तिरुवनंतपुरम,एजेंसी। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम से ट्रक में ले जाया जा रहा एयरप्लेन विंग राज्य परिवहन की बस से टकरा गया। हादसा बलरामपुरम में बुधवार को हुआ। इसमें बस ड्राइवर समेत कई पैसेंजर्स घायल हो गए। सभी को अस्पताल ले जाया गया है। हादसे के बाद कई घंटे तक नेशनल हाइवे बंद रहा। इस हादसे में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह टूट गया। इस ट्रेलर में एक पुराने एयरबस 320 के पंख और अन्य पार्ट्स हैदराबाद ले जाए जा रहे थे। 30 साल की उड़ान के बाद 2018 में रिटायर होने के बाद यह प्लेन तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट के हैंगर यूनिट में रखा गया था। बीते चार साल से इस विमान की स्टडी के लिए इंजीनियरिंग छात्र इस विमान का इस्तेमाल कर रहे थे। जब विमान स्टडी के लिए उपयोगी नहीं बचा तो अथॉरिटीज ने इसे कबाड़ में बेचने का फैसला किया। इसकी बोली लगाई गई, जिसमें हैदराबाद के रहने वाले जोगिंदर सिंह ने 75 लाख रुपए में विमान को खरीद लिया। इस विमान को कई हिस्सों में अलग करके चार ट्रेलर्स में रखकर ले जाया जा रहा था। हादसे के बाद ट्रेलर का ड्राइवर फरार हो गया। पुलिस ट्रेलर को हटाने में नाकाम रही, जिसके चलते लंबा जाम लग गया। दूसरे ट्रेलर के ड्राइवर ने आकर ट्रेलर हटाया।

# पूरा स्कूल ही चोरी कर ले गए चोर




**केप टाउन एजेंसी।** एक ईंट भी नहीं छोड़ी, चोरी की बहुत सी घटनाओं के बारे में सुना और देखा होगा। लेकिन साउथ अफ्रीका में एक ऐसी चोरी हुई कि मामला चर्चा का विषय बन गया है। आपने देखा होगा कि चोर घर का सामान ले जाते हैं। लेकिन भैया... यहां चोरों ने सामान ही नहीं बल्कि पूरा स्कूल ही गायब कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार,दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में स्थित द्बह्ल5द्बद्द सेकेंडरी स्कूल से ना सिर्फ चोर ब्लैकबोर्ड, बल्ब, पंखे और कुर्सी ले गए, बल्कि उन्होंने स्कूल की हर एक ईंट, खिड़की, छत की टाइलें और टॉयलेट को भी चुरा लिए। दावा किया जा रहा है कि उन्होंने ये सारा सामान बाहर बेच दिया।चोरी की बहुत सी घटनाओं के बारे में सुना और देखा होगा। लेकिन साउथ अफ्रीका में एक ऐसी चोरी हुई कि मामला चर्चा का विषय बन गया है। आपने देखा होगा कि चोर घर का सामान ले

## एक ईंट भी नहीं छोड़ी

जाते हैं। लेकिन भैया... यहां चोरों ने सामान ही नहीं बल्कि पूरा स्कूल ही गायब कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में स्थित द्बह्ल5द्बद्द सेकेंडरी स्कूल से ना सिर्फ चोर ब्लैकबोर्ड, बल्ब, पंखे और कुर्सी ले गए, बल्कि उन्होंने स्कूल की हर एक ईंट, खिड़की, छत की टाइलें और टॉयलेट को भी चुरा लिए। दावा किया जा रहा है कि उन्होंने ये सारा सामान बाहर बेच दिया। स्द्गह्लह्स्न.ष्श्र.ह्वद्म की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2019 में इस स्कूल को बंद कर छात्रों को पास के दूसरे स्कूल में शिफ्ट कर दिया गया था, जिसके बाद स्कूल की इमारत चोरों की नजर में आ गई। उन्होंने सिर्फ 6 महीने के भीतर पूरी बिल्डिंग को खोखला कर दिया। जी हां, अब इमारत के नाम पर सिर्फ उसकी नींव बची है। जब सोशल मीडिया पर स्कूल की च्गूगल अर्थज वाली तस्वीर सामने आई, तो मामला एक बार फिर सुर्खियों में छा गया।ज्गूगल अर्थज की इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि जहां कभी इमारत हुआ करती थी वहां उसका नामो निशान ही नहीं बचा है। स्थानीय लोगों का दावा है कि स्कूल में एक बड़ा सा एंट्री गेट, हॉल, 5 क्लासरूम और 2 टॉयलेट थे। इसके अलावा फर्नीचर, बिजली का सामान और दूसरे जरूरी चीजें भी रखी थीं। लेकिन चोरों ने एक-एक कर सारा सामान गायब कर दिया। इतना ही नहीं वे बिल्डिंग की एक-एक ईंट तक उखाड़ ले गए, जिसके चलते अब सिर्फ नींव बची है।

### कभी हुआ करती थी बड़ी सी इमारत

स्थानीय लोगों का मानना है कि नशेड़ियों के उस गिरोह ने इस चोरी को अंजाम दिया होगा, जो स्कूल बंद होने के बाद उसके आसपास जमा होते थे। उन्होंने ही स्कूल का हर सामान चोरी कर बाहर बेच दिया होगा। एक शख्स ने कहा- कंक्रीट के फर्श के अलावा कुछ भी नहीं बचा। कभी वहां इमारत हुआ करती थी और अब सिर्फ एक सुनसान खुली जगह ही बची है।

# देवउठनी एकादशी पर होगी दीपावली

## बाजार में रौनक, डेट पर कन्फ्यूजन!



## दिखने लगे गन्ना, इस बार नहीं कोई पाबंदी

**कटनी,यशभारत।** हिंदू कैलेंडर के अनुसार, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि देवउठनी एकादशी के नाम से प्रसिद्ध है। इसे प्रबोधिनी एकादशी या देवुत्थान एकादशी भी कहते हैं. इस दिन चातुर्मास का समापन होता है क्योंकि इस तिथि को भगवान श्रीहरि विष्णु चार माह के योग निद्रा से बाहर आते हैं। चातुर्मास के समापन पर भगवान विष्णु फिर से सृष्टि के संचालन का दायित्व लेते हैं. इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने और व्रत रखने का विधान है. देवउठनी एकादशी से मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। काशी के ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि देवउठनी एकादशी व्रत कब है और पूजा एवं पारण का समय क्या है।

### देवउठनी एकादशी 2022 तिथि

पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि का प्रारंभ 03 नवंबर दिन गुरुवार को शाम 07 बजकर 30 मिनट से हो रहा है। इस तिथि का समापन अगले दिन 04 अक्टूबर शुक्रवार को शाम 06 बजकर 08 मिनट पर होगा. ऐसे में उदयातिथि के आधार पर देवउठनी एकादशी व्रत 04 नवंबर को रखा जाएगा।





### देवउठनी एकादशी 2022 पूजा मुहूर्त

04 नवंबर को देवउठनी एकादशी के दिन आप भगवान विष्णु की पूजा सुबह 06 बजकर 35 मिनट से सुबह 10 बजकर 42 मिनट के मध्य कर लेनी चाहिए. इस समय में भी सुबह 07 बजकर 57 मिनट से 09 बजकर 20 मिनट तक लाभ-उन्नति मुहूर्त और सुबह 09 बजकर 20 मिनट से सुबह 10 बजकर 42 मिनट तक अमृत-सर्वोत्तम मुहूर्त है।

### देवउठनी एकादशी पारण समय

देवउठनी एकादशी व्रत का पारण 05 नवंबर दिन शनिवार को किया जाएगा। इस दिन पारण सुबह 06 बजकर 36 मिनट से सुबह 08 बजकर 47 मिनट के मध्य कर लेना चाहिए. इस दिन द्वादशी तिथि का समापन शाम 05 बजकर 06 मिनट पर होगा।

### सजा बाजार अच्छी ग्राहकी की आस

कटनी में बड़ी ग्यारस को लेकर काफी उत्साह दिख रहा है। बाजार में आज से ही लोगों ने खरीददारी करना शुरू कर दी है। इस अवसर पर गन्ने के मंडप के नीचे शालिग्राम तुलसी विवाह होता है। लिहाजा शहर में गन्ने जगह जगह बिक रहे हैं ।इसी तरह पूजा सामग्री के साथ साथ सर्वार्थ सिद्धि मुहूर्त होने का भी लोग लाभ उठाते सोना चांदी होम एप्लाइंसेस खरीदने का प्लान कर




# कटनी में अन्य जिलों से एक रुपये मंहगा पेट्रोल

**कटनी,यशभारत।** 2 नवंबर को पेट्रोल की कीमतों में गिरावट देखी गई थी। वहीं 1 नवंबर को पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि हुई थी। मध्यप्रदेश में पेट्रोल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी हैं। उमरिया, सीधी, शिवपुरी, सतना, नीमच, खरगोन, कटनी, डिंडौरी, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, बालाघाट और अलीराजपुर में आज पेट्रोल की कीमत 110 रुपये प्रति लीटर के आसपास है। आगर मालवा, बड़वानी, बेतूल, भिंड, छतरपुर, धार, गुना, हरदा, होशंगाबाद, झाबुआ, खंडवा, मंडला, मंदसौर, नरसिंहपुर, रायसेन, सिवनी, शाजापुर और टीकमगढ़ में आज 1 लीटर पेट्रोल की कीमत 109 रुपये के आसपास देखी गई है। श्योपुर, रीवा और अनुपुर में आज पेट्रोल की कीमत सबसे अधिक देखी गई है, यहां 1 लीटर पेट्रोल 111 रुपये से अधिक की कीमत में बिक रहा है।

# 7 से परीक्षा नहीं हुआ बुक का शत-प्रतिशत वितरण

## पशोपेश में छात्र, विभाग झाड़ रहा पल्ला




**कटनी,यशभारत।** जिले में 7 नवंबर से प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं की शुरु होने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षा में अधूरी तैयारी के साथ विद्यार्थी बैठेंगे। चार माह बाद भी स्कूलों में किताबों का वितरण शत-प्रतिशत नहीं हुआ है। कक्षा सातवीं के बच्चों के लिए लर्निंग आउटक्रम आधारित लर्निंग गेप सामग्री भी अधिकांश स्कूलों में नहीं पहुंची है। हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत की वर्कशीट बुक तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसके बावजूद शिक्षा विभाग ऑल इज वेल का रॉग अलाप रहा है। शिक्षकों का कहना है कि अभी भी समय है। यदि नियिमत रुप से समीक्षा करते हुए समय पर स्कूलों में किताब भेज दिया जाए तो कम से कम विद्यार्थियों के पास इतना समय तो रहेगा कि वे एक बार किताबों का अध्ययन कर लेंगे। यह वर्क बुक एग्जाम के लिए सबसे आवश्यक है।

कक्षा छठवीं से लेकर आठवीं तक प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों को दो-दो वर्कबुक दी जाती है। एक वर्क बुक में गणित, समाजिक विज्ञान और विज्ञान विषय का समावेश होता है तो दूसरी बुक में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत विषय के प्रश्नों को शामिल किया जाता है। परीक्षा में इन्हीं वर्कबुक के आधार पर प्रश्न पूछे जाने हैं। ऐसे में हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत विषय का वर्कबुक नहीं मिलने से शिक्षक भी हैरान और परेशान हैं। शिक्षकों को विद्यार्थियों के रिजल्ट बिगडने् का भी डर सता रहा हैकिताबों के नहीं पहुंचने की कई स्कूलों में परेशानी है। इसके बावजूद प्रधानाध्यापक और शिक्षक उच्चाधिकारियों की डर से कुछ बोलने की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं। दबी जुबान तो यह स्वीकार कर रहे हैं कि कुछ जगहों पर अभी भी प्रमुख विषयों की किताबें नहीं पहुंची हैं, लेकिन स्कूल और स्वयं का नाम लेने में कतरा रहे हैं।

**जिले के अधिकांश स्कूलों में बीआरसी के माध्यम से किताबें पहुंच चुकी हैं। किसी भी स्कूल में किताब नहीं मिलने की जानकारी नहीं आई है। वर्कशीट का भी वितरण किया जा रहा है।**
**- के.के.डेहरिया, डीपीसी**



# महंगी सब्जी से गड़बड़ाया रसोई का गणित

**कटनी,यशभारत।** सामान्य तौर पर ठंड के सीजन में हरी सब्जियां सबसे काम दामों पर बिकती है लेकिन इस साल स्थिति अलग है। नवंबर माह में भी सब्जियों के भाव गर्मी के सीजन के बराबर महंगी है। धनिया व लहसुन फुटकर में 250 रुपए किलो तक बिक रहा है। जबकि थोक मंडी में धनिया 30-50 रुपए किलो तक नीलाम हो रहा है। प्याज के भाव को लेकर भी काफी चर्चा चल रही है। फुटकर बाजार में 50 रुपए किलो तक बिक रही। बाजार में नई प्याज ना आने से पुरानी प्याज के भाव कम नहीं हो रहे हैं। सब्जियों के थोक और फुटकर दामों में भारी अंतर है। मार्केट सब्जी मंडी में प्याज 50 रुपए, आलू 30, भिंडी 40, गिलकी 40 रुपए किलो के भाव बिकी। लेकिन फुटकर बाजार में इन्हीं सब्जियों के भाव दो से ढाई गुना तक रहे।



# जबलपुर से आर्डर कटनी से होती है ट्रेनों में भोजन की डिलिवरी

## काफी दिनों से चल रहा अवैध वेंडरों का यह खेल

**कटनी,यशभारत।** कटनी से ट्रेनों में खाना चढ़ता है जबकि इसके आर्डर जबलपुर से लिये जाते हैं। यह सब कुछ नियम विरुद्ध ढंग से कई दिनों से जारी है जिसमे अवैध वेंडरों की पूरी सहभागिता होती हर। जबलपुर रेलवे स्टेशन और यहां से गुजरने वाली ट्रेनों में चलने वाले अवैध वेंडर को पूरी तरह से बंद करने में रेलवे नाकाम रहा है। गत दिनों को कमर्शियल विभाग ने अवैध वेंडर, गुणवत्ताहीन खाना बेचने और बिना बुक लगेज ट्रेन में ले जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान स्टेशन पर 16 से ज्यादा अवैध वेंडर पकड़े। वो भी तब, जब स्टेशन पर आने-जाने वालों की पहचान करने आधुनिक कैमरे लगे हैं और प्रवेशद्वार पर 24 आरपीएफ के जवान तैनात रहते हैं। पर आज भी स्थिति फिर वैसी ही हो गई। सूत्रों के मुताबिक जबलपुर मुख्य रेलवे स्टेशन से लेकर कटनी, कटनी मुडवारा, कटनी साउथ, एनकेजे में अवैध वेंडरों की संख्या फिर बढ़ गई है। कटनी स्टेशन पर निकलने वाली ट्रेनों में अवैध वेंडर सवार होकर यात्रियों से पैक खाने का आर्डर लेते हैं और जबलपुर आते ही अवैध वेंडर खाने की सप्लाई कोच तक कर देते हैं। इस दौरान न तो आरपीएफ इन्हें पकड़ पाती है और न ही कमर्शियल विभाग के इंस्पेक्टर इन्हें देख पाते हैं।

# कटनी में तीन रेल ओव्हर ब्रिज स्वीकृत, जल्द शुरू होगा काम



**कटनी,यशभारत।** सहित मप्र के 30 जिलों में जल्द ही 105 नए रेल ओवर ब्रिज बनाए जाएंगे। इसके लिए मप्र प्रदेश शासन ने भी स्वीकृति दे दी है। इन सभी आरओबी के निर्माण की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग को दी गई है। इसमें मप्र शासन 64, रेलवे 36 और 15 आरओबी का खर्च अन्य एजेंसियां वहन करेंगी। इनमें कुल 3132 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जानकारी के अनुसार 54 आरओबी पश्चिम मध्य रेलवे, 32 पश्चिम रेलवे, छह उत्तर मध्य रेलवे, 12 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे और एक आरओबी मध्य रेलवे जोन में बनाए जाने हैं। इनमें रेलवे, पीडब्ल्यूडी व अन्य विभागों द्वारा 76 आरओबी का निरीक्षण भी कर लिया गया है। 15 आरओबी की डीपीआर तैयार हो गई है। 105 में से पांच आरओबी टेंडर स्टेज तक पहुंच गए हैं। जल्द ही इनके लिए निविदा जारी की जाएगी।

मुरैना - दो, ग्वालियर – दो
बालाघाट - छह
जबलपुर -आठ
नरसिंहपुर - सात
रायेसन - दो
हरदा - तीन
मंदसौर - पांच
सागर - 12
दमोह - चार
उज्जैन - सात
अशोक नगर - दो
भोपाल - पांच
सीहोर - चार
इंदौर - सात
खरगोन - तीन
नीमच - एक
रतलाम - पांच
खंडवा - एक
देवास - एक
होशंगाबाद - दो
कटनी - तीन
सतना - पांच
शाजापुर - एक
छिंदवाड़ा - एक
उमरिया - तीन
अनूपपुर - दो
झाबुआ - दो



# कटनी में अफ्रीकन स्वाइन फ्लू की पुष्टि से मचा हड़कंप

**कटनी ,यशभारत।** कटनी में अफ्रीकन स्वाइन फ्लू की पुष्टि के बाद जिले में हड़कंप है। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिशिर गेमावत ने नगर निगम कटनी के वार्ड नंम्बर 18 तिलक कालेज रोड और वार्ड नम्बर 30 भट्टा मोहल्ला में सुअरों में अफ्रीकन स्वाइन फीवर रोग की पुष्टि की है। साथ ही इन स्थलों के एक किलोमीटर की परिधि को इन्फेक्टेड जोन और इस जोन के आस-पास की 9 किलो मीटर की परिधि को सर्विलांस जोन घोषित किया है। प्रभारी कलेक्टर श्री गेमावत ने शहर में संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए द प्रीवेंसन एण्ड कंट्रोल आफ इन्फेक्टियस एण्ड कन्टीजियस डिजीज इंन एनीमल एक्ट 2009 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। प्रभारी कलेक्टर ने नेशनल एक्शन प्लान फार कंट्रोल कंटेनेमेण्ट एण्ड इरेडिक्शन आफ अफ्रीकन फीवर के निहित प्रावधानों के तहत जारी आदेश में उल्लेखित किया गया है कि इन्फेक्टेड जोन में पाए जाने वाले सभी सूकर आश्रयों में सूकरों की आवाजाही को प्रतिबंधित किया है। साथ ही विगत 30 दिवस में हुए सूकरों के परिवहन संबंधी विवरण एकत्रित कर अन्य संभावित रोग उद्भेद क्षेत्रों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए हैं।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 25 से
सुबह 10.30, 1.15, 4,7 एवं रात्रि 10.15 बजे से




रामसेतु
कलाकार- अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडिस, नुसरत भरूचा, सत्यदेव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 25 से
सुबह 10.45 एवं रात्रि 9.45 बजे से




ब्लैक एडम (हिन्दी में)
कलाकार- ड्वेन जान्शन, जेनिफर हालेंड, सारा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से
दोपहर 12.45, 3, 5.15, एवं सायं 7.30 बजे से




थैंक गॉड
कलाकार- सिद्धार्थ मल्होत्रा, अजय देवगन, रकुलप्रीत सिंह, विक्रम कोचर आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 25 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
रामसेतु
कलाकार- अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडिस, नुसरत भरूचा, सत्यदेव आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 100/- बॉक्स- 120/-
लोवर क्लास-50/- अपर क्लास-80/-

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरुवार, 03 नवंबर 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT –Epaper

# बीच बाजार शराब दुकान हटाने लामबंद हुए ग्रामीण

## रीठी में बस स्टेण्ड एवं स्कूल के पास संचालित शराब दुकान को हटाए जाने की मांग

### अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे लोग, कहा : जब तक दुकान नहीं हटेगी, तब तक जारी रहेगा विरोध




**कटनी/रीठी, यशभारत।** नियमों को ताक पर रखकर संचालित देशी व अंग्रेजी शराब दुकान को हटाए जाने के लिए रीठी में विरोध शुरू हो गया है। बीच बाजार शराब दुकान की वजह से न केवल यहां देर रात अवैध गतिविधियां संचालित होती रहती है, वरन स्कूल नजदीक होने की वजह से छात्राओं को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रीठी के नागरिकों ने पिछले दिनों शराब दुकान को अन्यत्र स्थापित करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा था, इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिस पर ग्रामीणों ने धरना दे दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि रीठी में बस स्टैंड एवं स्कूल के पास स्थित देशी व अंग्रेजी शराब दुकान को स्थानांतरित करने के लिए विगत दिनों रीठी तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें मांग की गई थी कि बस स्टैंड मेन रोड पर स्थित शराब दुकान नियमों को ताक पर रखकर स्थापित की गई है, जो कि शासकीय विद्यालय से चंद कदमों की दूरी पर स्थित है। इसे अन्यत्र संचालित किया जाए। ज्ञापन सौंपने के बाद भी आज तक पुलिस एवं जिला प्रशासन ने शराब दुकान हटाने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की। जिस पर रीठी के लोगों ने धरना दे दिया। अब देखना है कि ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन शुरू होने के बाद पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं।

#### इनका कहना है

क्षेत्र के नागरिकों द्वारा मुझे ज्ञापन दिया गया था। ज्ञापन एसडीएम एवं रीठी टीआई को भेज दिया गया था। शराब दुकान हटाना मेरे कार्यक्षेत्र में नहीं आता है। इस पर आबकारी विभाग कार्रवाई करेगा।

**–रूपेश सिंघई, तहसीलदार रीठी**

#### एसपी से भी लगाई थी गुहार

ग्रामीणों ने कहा कि जब तक शराब दुकान हटाने की कार्रवाई नहीं होती, तब तक वह धरने पर बैठे रहेंगे। लोगों ने बताया कि यहां शराबी स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं के साथ अभद्रता करते हैं, जिसकी शिकायत बीते दिनों रीठी व मुहास दौरे पर आए पुलिस कप्तान सुनील कुमार जैन एवं रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी से भी की गई थी, लेकिन पुलिस कार्यवाही कररने की बजाए मूकदर्शक बनकर सब देखती रही। ग्रामीणों ने रीठी तहसीलदार को भी ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान को सार्वजनिक स्थान से हटाए जाने मांग की थी, इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके विरोध में बुधवार को रीठी के ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर सत्येंद्र राजपूत, संस्कार माझी, हरीश तिवारी, संजय आचार्य, लोकेश जैन, राजकुमार ताम्रकार, नंदू पटेल, रामनारायण लोधी, डी सी जैन, मोहित साहू, लखन बर्मन, नर्मदा सोनी, रियाज खान, शब्बीर खान एडवोकेट, इंद्रपाल सिंह एडवोकेट, प्रमोद सिंघल, चंद्र किशोर बर्मन, नदीम अहमद, आर बी एम, आशीष दुबे, मयूर अग्रवाल, अंकुश सोनी, उपसरपंच जुगल किशोर, रविकांत यादव, अमित सोनी, राहुल बर्मन, पवन बर्मन, गौरव ताम्रकार, आशीष दुबे, नानू पाठक, निर्मल गुप्ता, रितेश गुप्ता, अखिलेश गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गबन के दोषी पंचायत सचिव को नियमविरूद्ध सौंपा वित्तीय प्रभार

**कटनी/विजययराघवगढ़, यशभारत।** जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के अंतग्रत ग्राम पंचायत खरखरी में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव मुकेश प्यासी को शासकीय राशि गबन का दोषी पाए जाने के बाद भी ग्राम पंचायत का वित्तीय प्रभार सौंपे जाने का मामला सामने आया है। शिकायतों के मुताबिक ग्राम पंचायत झिरिया के तत्कालीन सचिव मुकेश प्यासी ने अपने पदीय दायित्वों के विरूद्ध शासकीय राशि का दुरूपयोग किया था। जांच में अनियमितताओं का दोषी पाए जाने पर 64 हजार 560 रूपये वसूली का आदेश पारित किया गया था। शिकायतों में यह भी कहा गया है कि मुकेश प्यासी के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में वसूली के संबंध में याचिका लंबित है, जिसमे 64 हजार रूपये की वसूली को समाप्त किये जाने संबंधी कोई भी आदेश माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित नहीं किया गया, इसके बावजूद सचिव को वित्तीय अधिकार प्राप्त है। बताया जाता है कि मुकेश प्यासी का स्थानांतरण झिरिया से जिजनौडी हुआ, इसके बावजूद इन्हे वित्तीय अधिकार दिए गए। इनके द्वारा 24 दिसंबर 2019 को 97 हजारर 936 रूपए, 25 मई 2021 को 60 हजार रूपए का भुगतान किया गया। जिजनौडी से खरखरी स्थानांतरण होने के बाद 13 अप्रैल 2022 को राशि 3 हजार 911 रूपये का भुगतान किया गया। मांग की गई है कि रोकड बही एवं बैंक स्टेटमेंट से इसकी जांच कराई जा सकती है। शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि मुकेश प्यासी के पिता फूलचंन्द्र प्यासी जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ पंचायत शाखा में लिपिक पद पर पदस्थ है और शासन के आदेशों की अव्हेलना करते हुए मिलीभगत अपने पुत्र को वित्तीय अधिकार दिलाया गया। भटिया मोहल्ला कैमोर निवासी शहवान भारती ने पुलिस महानिरीक्षक आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो भोपाल, प्रमुख सचिव मप्र शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, एसपी लोकायुक्त जबलपुर एवं कलेक्टर कटनी को शिकायत की प्रति प्रेषित करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

**जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ का मामला, आईजी आर्थिक अपराध, प्रमुख सचिव, लोकायुक्त एवं कलेक्टर से शिकायत**

#### सचिवों को लेकर क्या है शासन के निर्देश

पंचायत राज संचालनालय मप्र का स्पष्ट निर्देश है कि ऐसे ग्राम पंचायत सचिव, जिनके विरूद्ध वसूली अधिरोपित है, जिनके विरूद्ध विभागीय जांच एवं पंचायत राज अधिनियम की धारा 92 के तहत वसूली कार्यवाही प्रचलित है, उन्हें वित्तीय अधिकार व बैंको में वित्तीय संव्यवहार नहीं सौंपे जाएंगे। इसके बाद भी मुकेश प्यासी का जहां भी तबादला हुआ, वहां उसे वित्तीय अधिकारी प्रदान किए गए। जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में ऐसे कई ग्राम पंचायत सचिव है, जिनके विरूद्ध धारा 92 के तहत प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है । लेकिन लिपिक फूलचंन्द्र प्यासी की मिलीभगत से वित्तीय अधिकार प्राप्त है, जबकि न्यायालीन प्रकरणों की जानकारी पंचायत शाखा के लिपिक के पास संधारित रहती है। जांच होने से कई ग्राम पंचायत सचिवों की जानकारी उजागर हो सकती है।

# तम्बाकू की लत से छुटकारा पाने एमजीएम हॉस्पिटल की पहल

## दिगम्बर जैन विद्यालय में नशामुक्ति को लेकर कार्यशाला




**कटनी, यशभारत।** बच्चे ही भारत का भविष्य होते हैं और कटनी के विद्यार्थियों में बचपन से ही तम्बाकू की लत देखी जा रही है, जो कि चिंतनीय है। तम्बाकू की आदत ना लगे और लग गई है तो इससे छुटकारा कैसे पाया जाए, इसी उद्देश्य के साथ दिगम्बर जैन विद्यालय में मिडिल और सीनियर कक्षा के विद्यार्थियों को डॉ मानसी गुप्ता द्वारा परामर्श दिया गया, साथ ही मुंह की सफाई एवं दांतों की सुरक्षा पर भी प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक देशपांडे और सभी शिक्षक उपस्थित थे। सभी विद्यार्थियों को पैम्पलेट विस्तृत किए गए, जिसमें सम्पूर्ण जानकारी दी गई, जैसे तम्बाकू का शरीर पर बुरा असर, कैंसर, किन अंगों पर कैंसर हो सकता है, तम्बाकू छोड़ते समय की कठिनाइयों का उपाय और तम्बाकू छोड़ने का तरीका। तम्बाकू दो तरीकों से छोड़ा जा सकता है, पहला एक झटके में छोड़ दें, इस तरीके से एक बार में ही तम्बाकू को छोड़ देते हैं और फिर दोबारा कभी नहीं खाते। दृढ़ इच्छाशक्ति से ऐसा हो पाता है। दूसरा तरीका है, धीरे-धीरे करके छोड़ना। इस तरीके से तम्बाकू को हर चौथे या पांचवें दिन कम किया जाता है। उदाहरण के तौर अगर एक व्यक्ति दिन में आठ बार तम्बाकू का सेवन करता है, या 8 बार बीड़ी, सिगरेट पीता है, तब उसे चार दिन बाद सात बार ही लेना है, फिर चार दिन बाद 6 बार ऐसा करते हुए तम्बाकू को बंद कर देना है। तम्बाकू बंद करने के बाद दोबारा कभी नहीं खाना है। अगर पूरी तरह से छोड़ने के बाद तम्बाकू फिर से खाई गई, तब यह आदत दोबारा लग जाती है।

# मप्र के स्थापना दिवस पर ग्रामीणों को दिलाया गांव की स्वच्छता का संकल्प

## महिला बाल विकास द्वारा लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित



विजयराघवगढ़, यशभारत। मध्यप्रदेश के 67वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सात दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत परसवारा में द्वितीय दिवस महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी सन्तोष अग्रवाल के निर्देशन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को सीईओ राकेश शुक्ला द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत भवन में वर्चुअल के माध्यम से मुख्यमंत्री के संदेश को सुनाया गया, जिसमें जनपद सीईओ राकेश शुक्ला द्वारा ग्रामीणों को ग्राम को स्वच्छ रखने संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच सुंदर बाई कोल, उपसरपंच अभय मिश्रा, सचिव विकास मिश्रा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भाग्यवती चतुर्वेदी, रजनी साहू, राजकुमारी बर्मन, रजनी बर्मन, माधुरी मिश्रा, गांव के वरिष्ठ नागरिक जगन्नाथ मिश्रा, विनोद तिवारी, मकरंद गोटिया, बबलू मिश्रा, जयप्रकाश कोल, विजय कोल, कृष्ण कुमार बर्मन, संतोषी बर्मन, राजकुमारी बर्मन, रजनी मिश्रा, ग्राम पंचायत के लाभार्थी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# भारत को जानो प्रतियोगिता में बच्चों ने दिए रोचक जबाव

## डीपीएस स्कूल बनी प्रांतीय चैम्पियन, 13 नवंबर को उज्जैन जाएंगे चयनित बच्चे, भारत विकास परिषद का आयोजन



**कटनी, यशभारत।** भारत विकास परिषद द्वारा भारत को जानो प्रश्न मंच प्रतियोगिता होटल ग्रांड मेरेडियन में आयेजित की गई, जिसमें प्रथम चरण में शाखा स्तर पर 12 स्कूलों ने हिस्सा लिया। जिसमें वरिष्ठ वर्ग में डीपीएस स्कूल प्रथम, नालंदा स्कूल द्वितीय एवं कनिष्ठ वर्ग में डीएवी कैल्डरीज प्रथम एवं डीपीएस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का अगला चरण में उज्जैन में 13 नवम्बर को आयोजित होगा, जिसमें कटनी से डीप स. स्कूल के बच्चे प्रतियोगिता में भाग लेगें। कार्यक्रम का संचालन सचिव नीतू लालवानी एवं मयंक गांधी ने किया। इसमें प्रश्न पूछने का कार्य नीतू ग्रोवर, नीलेश स्वर्णकार, आशीष जैन ने किया। स्कोरर एवं निर्णायक की भूमिका माया बजाज, महिमा अग्रवाल, शीतल साहनी, संदीप साहनी एवं टाइमकीपर धन्यकुमार गांधी ने निभाई। कटनी टीम जिन्होंने सर्वश्रेष्ठ सामन्जस्य और एकता का परिचय देते हुए संकल्पबद्ध होकर शाखा के सभी सक्रिय सदस्यों की योग्यता और क्षमता का भरपूर सदुपयोग किया तथा इस पूरे कार्यक्रम को बिना किसी अतिरिक्त बाह्य सहायता के सफलतापूर्वक आयोजित किया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति सूरी के मुख्य आतिथ्य में एवं विन्ध्य प्रान्त की प्रान्तीय भारत को जानो प्रतियोगिता में रीजन सेन्ट्रल रीजन की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में शशांक शुक्ल, संरक्षक राकेश अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ. शेखर, महासचिव गोपाल धूत, उपाध्यक्ष डॉ देवेन्द्र तिवारी, भारत को जानो कार्यक्रम के मुख्य संयोजक नीलेश स्वर्णकार समेत पूरी प्रान्तीय कार्यकारिणी को सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में दीपावली मिलन समारोह भी किया गया। कार्यक्रम में सचिव नीतू लालवानी, उपाध्यक्ष राजकुमार लहरिया, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र लहरिया, नीरज अग्रवाल, राजेन्द्र खण्डेलवाल, डॉ. श्रीराम पाठक, नारायण अग्रवाल, प्रमोद त्रिसोलिया, प्रमोद बजाज, संजय गुप्ता, रमेश गुप्ता, संजय कनकने, संजय बेबू चौदहा, रामेश्वर चौदहा, संजय नाकरा, मनोज गर्ग, दीपक सोनी, शशांक श्रीवास्तव, संदीप चौदहा, राहुल जैन, अनिल लालवानी, अशोक गेड़ा, राकेश जैन, डी.आर.वर्मा, हंसा खण्डेलवाल, रेखा अग्रवाल, नीता लहरिया, रेशमा अग्रवाल, सीमा लहरिया, वर्षा स्वर्णकार, संजूलता चौदहा, रेखा चौदहा, स्वाती चौदहा, चन्द्रचकोरी पाठक, सुधा त्रिसोलिसा, हर्षिता जैन, रेखा जैन, डॉ. उमा निगम, रजनी गांधी, सीमा गेड़ा, सुमन जैन, अंजली गर्ग, अमृता जैन, अलका कनकने, हेमलता वर्मा की उपस्थिति रही।

# छात्राओं ने ली राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की शपथ



कटनी, यशभारत। गर्ल्स कॉलेज में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ साधना जैन, डॉ विमला मिंज, डॉ किरण खरादी एवं श्रीमती वंदना मिश्रा ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की शपथ ली, साथ ही सरदार पटेल के विचारों पर अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर विनेश यादव, डॉ अशोक शर्मा, डॉ कृष्ण गोपाल सिंह, भीम बर्मन, प्रेमलाल कांवरे, रिचा पाण्डेय, सुमन अहिरवाल, डॉ संजयकांत भारद्वाज एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# मध्यप्रदेश की विशेषताओं पर छात्राओं ने दिए व्याख्यान



**कटनी, यशभारत।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अंतर्गत सात दिवसीय कार्यक्रमों की श्रंखला के प्रथम दिवस आईटी सेल में समारोह का शुभारंभ प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता, डॉ साधना जैन एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ विमला मिंज ने दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर छात्राओं ने मध्यप्रदेश की विशेषताओं पर अपने विचार व्यक्त किये। डॉ विमला मिंज ने आत्म निर्भर मध्यप्रदेश विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। डॉ कृष्ण गोपाल सिंह ने स्थापना दिवस के सात दिवसीय कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा से छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती श्रद्धा वर्मा, सह संयोजक श्रीमती पूनम गर्ग रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ संजयकांत भारद्वाज और तकनीकी एवं मीडिया से संबंधित कार्य को भीम बर्मन ने किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ अशोक शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में पौधारोपण, जल संरक्षण एवं ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम के तहत भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष के जे सिन्हा, भूगोल शिक्षक प्रेमलाल कॉवरे एवं महाविद्यालय परिवार ने छात्राओं को जानकारी देते हुए इन कार्यों के लिए प्रेरित एवं उत्साहित किया, साथ ही महाविद्यालय में पौधा रोपण भी किया गया। कार्यक्रम में नागेन्द्र, डॉ रीना मिश्रा, रिचा पाण्डेय, स्मृति दहायत, श्रीमती नम्रता निगम, सुश्री आरती वर्मा, रामेश्वर सिंह, आंजनेय तिवारी, सुश्री श्वेता कोरी एवं समस्त शिक्षको एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**गर्ल्स कॉलेज में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर कार्यक्रम**

# लेडी डॉक्टर की सीएमएचओ से शिकायत, पीड़ित परिजनों ने दर्ज कराए बयान



**कटनी, यशभारत।** जिला चिकित्सालय में पदस्थ एक लेडी डॉक्टर द्वारा एक गर्भवती महिला के इलाज में बरती गई लापरवाही एवं प्रसव के बाद नवजात बच्ची हुई तकलीफ को लेकर पीड़ित परिजनों ने आज सीएमएचओ कार्यालय पहुंचकर अपने बयान दर्ज कराए। जानकारी के मुताबिक सीएमएचओ को दी गई शिकायत में शास्त्री कालोनी निवासी पंकज अवस्थी ने बताया कि मेरी पत्नी श्रीमती शिखा दिसम्बर-जनवरी में गर्भवती हुई थी। 15 मार्च 2022 को उसे चिकित्सकीय परामर्श हेतु शासकीय चिकित्सालय ले गया था, जहां इलाज कराया गया। उसी समय मुझे एक नर्स ने कहा कि लेडी डॉक्टर के प्राइवेट क्लीनिक दिखाने के लिए कहा। वहां ले जाकर दिखाया। उनके निर्देश पर सोनोग्राफी कराई। रिपोर्ट के बाद डॉक्टर ने दवाईयां लिखी व उनके निर्देश पर निरंतर इलाज चलता रहा। उनके आदेश पर पुनः सोनोग्राफी कराई। रिपोर्ट लेकर डॉक्टर के पास गया। डॉक्टर की लापरवाही की वजह से बच्चे का भविष्य संकट में है। शिकायत पर जांच शुरू हो गई है।

#### मुड़वारा स्टेशन के साइकिल स्टेंड में अवैध वसूली

**कटनी, यशभारत।** मुड़वारा रेलवे स्टेशन में साइकिल स्टेंड के ठेकेदार द्वारा यात्रियों और यहां आने वाले लोगों से अवैध वसूली की जा रही है। शिकायतों में बताया गया है कि ठेकेदार द्वारा यात्रियों से मनमाना शुल्क वसूल किया जा रहा है। यहां रोजाना विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। इसके बाद भी रेल प्रशासन, आरपीएफ एवं जीआरपी द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
From 28th October 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
10:00 AM 12:45 PM
3:30 PM 4:45 PM
6:15 PM 7:00 PM
9:00 PM 9:45 PM
10:30 AM
1:30 PM
7:30 PM
11:30 AM 2:00 PM
4:30 PM 10:00 PM
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

mgm HOSPITAL
कटनी एवं आसपास के जिले के एक मात्र
मस्तिष्क (ब्रेन) एवं रीढ़ (स्पाइन) विशेषज्ञ चिकित्सक
न्यूरो सर्जन
डॉ. एस.के. गुप्ता
M.B.B.S., M.S. (SURGERY)
M.Ch (Neuro)
SENIOR NEURO-SPINE SURGEON
प्रतिदिन उपलब्ध
24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
विशेषज्ञ :
- सिरदर्द, माइग्रेन
- कमर दर्द
- ब्रेन हेमरेज एवं स्ट्रोक
- लकवा (पैरालायसिस)
- मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी दूरबीन द्वारा सर्जरी
- ब्रेन एवं गर्दन की नस (कैरोटीड) की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, क्वाइलिंग
- सिर एवं रीढ़ की हड्डी में चोट
CT Scan
M.R.I.
एंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
दूरबीन सर्जरी
एम.जी.एम. हॉस्पिटल
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी
07622-405070

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति, 22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक
Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड, कटनी
फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-



## संपादकीय

# क्या मस्क ने जोखिम मोल लिया ?

वैसे तो जब भी किसी कंपनी का मालिकाना बदलता है, वहां बदलाव होते ही हैं। ट्विटर के मामले में हलचल अगर सामान्य से ज्यादा है तो उसकी वजह कुछ तो इस कंपनी के नए मालिकइलॉन मस्क की अपनी कार्यशैली है और कुछ इस कंपनी की स्थिति। दुनिया भर में इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर करीब 24 करोड़ यूजर्स हैं। मस्क ने कहा है कि सोशल मीडिया कंपनी के यूजर्स अगर ब्लू टिक के रूप में प्रामाणिकता का ठप्पा चाहते हैं तो उन्हें हर महीने 8 डॉलर का शुल्क देना होगा। अभी तक इसके लिए कोई पैसे नहीं लिए जाते थे। इस घोषणा पर सबसे ज्यादा हो हल्ला स्वाभाविक रूप से ट्विटर पर ही हो रहा है, कई लोग खुलकर नाखुशी भी जता रहे हैं, लेकिन मस्क ने साफ कर दिया है कि शिकायत करने वाले करते रहें, पर चार्ज तो देना ही होगा। ऐसे में पैसे देकर ब्लू टिक के बाद यूजर की विश्वसनीयता को लेकर भी सवाल उठेंगे। इस बीच ट्विटर के अंदर से मीडिया में कई और तरह की खबरें भी आ रही हैं। कहा जा रहा है कि वहां कर्मचारियों को रोज 12 घंटे और सातों दिन काम करने का निर्देश दिया गया है। यह भी खबर है कि करीब एक चौथाई कर्मचारियों की छंटनी होने वाली है। वैसे भी मस्क अपने फैसलों से ही नहीं, फैसले लेने के ढंग से भी चौंकाते और विवाद पैदा करते रहे हैं। इस तरह मिलने वाली सुर्खियां उन्हें सूट करती हैं। मगर ट्विटर के मामले में सबकुछ पॉजिटिव नहीं है। इसके दुनिया भर में 24 करोड़ यूजर्स हैं जो अन्य सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स के मुकाबले काफी कम हैं। इसकी 90 फीसदी से ज्यादा कमाई विज्ञापनों से ही होती है। बहुत से एक्सपर्ट्स मानते हैं कि 44 अरब डॉलर की महंगी डील करके मस्क ने जोखिम मोल लिया है। इस बीच रेटिंग एजेंसी स्टैंडर्ड एंड पुअर्स ग्लोबल ने डील के बाद ट्विटर का दर्जा घटाकर 'बी' कर दिया है जिसका कारण कर्ज में बढ़ोतरी को बताया गया है। जाहिर है, इलॉन मस्क पर इस सौदे को कामयाब बनाने का दबाव है। उन्होंने निवेशकों को भरोसा दिलाया है कि वह तीन साल के अंदर ट्विटर को मुनाफे में ले आएंगे। यह भरोसा बना रहे इसके लिए जरूरी है कि हालात उस तरफ बढ़ते दिखाई देने लगें। इलॉन मस्क के ताजा कदम इसी जरूरत से प्रेरित लगते हैं। लेकिन एक कंपनी और उसके प्रबंधन से अलग हटकर देखें तो ट्विटर की एक वैश्विक भूमिका भी है। उस लिहाज से यह भी देखना होगा कि ब्लू टिक से जुड़ी नई पॉलिसी का ट्विटर अकाउंट्स की प्रामाणिकता पर किस तरह का असर होता है। एक निश्चित राशि के बदले दिया जाने वाला ब्लू टिक क्या अकाउंट होल्डर की विश्वसनीयता की वैसी ही गारंटी माना जा सकेगा, जैसी अब तक माना जाता है? हेट स्पीच से जुड़े मसले भी अपनी जगह हैं ही। देखना होगा कि मस्क अपने इस बिजनेस वेंचर से कितना मुनाफा कमाते हैं ।

## 752 वीं जयंती पर विशेष

# युग दृष्टा संत श्री नामदेव महाराज



भारत की पावन धरती पर जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्वि हुई है। तब-तब कोई न कोई महान संत, मनीशी अथवा स्वंय भगवान का इस धरती पर अवतार हुआ है। और मानव समाज का कल्याण, पाप ,कर्म करने वालों का विनाष कर धर्म की स्थापना की हैं।मध्य युग में जब भारत देष में अधर्म, अनीति, आड़म्बर छुआछूत ऊंच -नीच का भाव, धर्म परिवर्तन, शैवभक्तों, और वैष्णव भक्तों, में अर्न्तद्वद चरम सीमा पर था। धर्म प्रायः लुप्त हो रहा था,तब संत शिरोमणि नामदेव महाराज का जन्म महाराष्ट्र की पावन धरा पर 1270 ई. कार्तिक शुक्ल एकादशी विक्रम संवत् 1327 को पंढ़रपुर में हुआ । संत शिरोमणि नामदेव के पिता का नाम दामासेठ और माता का नाम गोड़ा बाई था। पूज्य पिता दामासेठ आध्यात्मिक विचार धारा के थे, भगवान विट्ठल के परम भक्त थे, पिता की आध्यात्मक भाव का संत नामदेव पर गहरा प्रभाव पड़ा । और संत नामदेव भगवान विट्ठल के अनन्य भक्त बनकर प्रभु भक्ति में तल्लीन रहने लगें और उनकी भक्ति की शक्ति के कारण अनेकों वार भगवान विट्ठल के दर्शन प्राप्त हुये। बताया गया है कि एक बार दामासेठ को व्यापार करने के लिए दो दिन के लिए बाहर जाना पड़ा दामासेठ नित्य प्रति भगवान को भोग नैवेध अर्पित करने के उपरांत ही भोजन किया करते थे, सोच में पड़ गए। मेरी अनुपस्थिति में प्रभु को भोग कौन लगायेगा।ये सोचकर उन्होनें नामा (नामदेव) को बुलाया और कहा नामा मैं बाहर जा रहा हूॅ। तुम भगवान को भोग नैवेध अर्पित करने के बाद ही भोजन ग्रहण करना। और ऐसा कहकर दामासेठ बाहर चले गये। संत नामदेव ने दूसरे दिन माता जी से भोजन की थाल ली और आराध्य देव भगवान विट्ठल के मंदिर पहुॅच गयें, थाल नैवेध भगवान के सामने रखा और प्रभु से प्रार्थना करने लगे, कई घंटे जब व्यतीय हो गये तब बालक नामदेव रूद्धन करने लगे और कहने लगें। भगवान यदि आप भोग एवं नैवेध ग्रहण करने नहीं आये तो मैं भी अन्न जल, ग्रहण नही करूंगा और यही प्राण त्याग दूॅगा बालक नामदेव की अटल प्रतिज्ञा सरल, सहज भाव, को देखकर भगवान प्रगट हुये और नामदेव जी के साथ भोजन ग्रहण किया। नामदेव वाणी में संत नामदेव ने बताया कि भगवान की योग माया से उत्पन्न यह संसार क्षण भंगुर,नाशवान और दुखरूप हैं, इसके चिन्तन को त्यागकर केवल परमेश्वर का ही नित्य निरंतर,अनन्य प्रेम से चिंतन करना मानव धर्म एवं संपूर्ण वेदों के तात्पर्य को जानना है । संपूर्ण भूतप्राणियों के शरीर नाशवान है,और जीवात्मा अविनाषी है। संत नामदेव के जीवन में अनेक आलौकिक घटनाऐं घटित हुई, एक बार संत नामदेव संत ज्ञानेश्वर एवं भक्त मंडली के साथ भगवत कीर्तन करते हुये भगवान शंकर के मंदिर में प्रविष्ट हो रहे थे। मंदिर के पुजारी ने मंदिर में प्रवेश करने से रोक दिया। पुजारी के मनोभाव विकृत था।संत नामदेव संत मंडली के साथ मंदिर के पिछवाड़े बैठकर हरि कीर्तन करने लगे। बताया गया कि भगवान षंकर का दर्षनीय द्वार घूमकर संत नामदेव एवं भक्त मंडली के सामने आ गया। सब चकित हुये ,और मंदिर के पुजारी ने संत नामदेव महाराज से क्षमा यचनाऐं की ऐसी अनेक घटनाऐं अदुभुत भक्ति प्रभाव से घटित हुई। संत मिट्टी पत्थर तथा स्वर्ण (सोना) सब में सम भाव रखते थे। संत का परिवार निर्धन था एवं संत के परिवार की निर्धानता को देखकर पड़ोस में रहने वाले सेठ की पत्नी ने नामदेव जी की पत्नी को दो दिन के लिए पारसमणि लोहे को सोना बनाने के लिए दी संत भ्रमण से जब घर वापिस आये, पत्नी ने संत नामदेव से सब वृतान्त बताया। संत नामदेव ने पारसमणि पत्नी से मॉगी और यमुना में जाकर पारसमणि फेक आये जब सेठ बाहर से घर आया अपनी पत्नि से पारसमणि के बारे में पूॅछा तो पत्नी ने नामदेव जी को पारसमणि देने की बात बताई, क्रोधित सेठ नामदेव जी से पारसमणि देने को कहा। संत नामदेव यमुना (नदी) में गये और दोनों हाथों से जल अंजुली में भरा और यमुना मैया से प्रार्थना कर पारसमणि मांगी और सेठ को वापिस कर दी पारसमणि पाकर सेठ आचर्य चकित हुआ एवं संत नामदेव महाराज से क्षमा याचना की । ऐसे महान संत नामदेव ब्रम्हांड के समस्त प्राणियों में ईष्वर अंष जीव अविनाषी के भाव से दृश्टि पात करते थे, एवं मानव समाज में सम भाव एवं भारत वर्श की अखंड़ता और एकता को एक सूत्र मे पिराये रखने की सामर्थ उनके अंदर विद्यमान थी और यही कारण था उस काल की बिगड़ी हुई मनोविकृतियों को दूर कर मानव धर्म का मार्ग प्रषस्त किया एवं संपूर्ण भारत देष में अमन चयन,एवं षांति की स्थापना की। ऐसे सहज सरल संत नामदेव महाराज एवं उनकी नामदेव वाणी उनके उपदेष एवं उनके पद समाज के लिए एवं समस्त मानव समाज के कल्याण लिऐ प्रेरणाप्रद तथा बंदनीय है। एवं युगों -युगों तक महाराज श्री के उपदेशों का अनुशरण कर धर्म मार्ग प्रशस्त करते रहेगें ।

**मनोज नामदेव, मस्त**
**लघुकाषी गढ़ा, जबलपुर**

## संदर्भ-:गुजरात के मोरबी में झूलता पुल टूटा, सवा सौ से ज्यादा लोगों की हुईं मौतें-

# संकट बना पर्यटकों का बढ़ता दबाव

गुजरात के मोरबी में मच्छू नदी पर लोहे के तार की रस्सियों से बना 140 साल पुराना पुल पर्यटकों की क्षमता से अधिक संख्या बढ़ जाने से टूट गया। नतीजतन सवा सौ से ज्यादा स्त्री-पुरुश और बच्चों की पानी में डूब जाने से मौत हो गई। टूटने के वक्त पुल पर करीब 500 लोग मौजूद थे। जबकि पुल की क्षमता 100 लोगों की है। लोगों की संख्या इसलिए बढ़ गई, क्योंकि 30 अक्टूबर 2022 को ही सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापना का कार्यक्रम आयोजित था। इसके चलते भीड़ बढ़ती चली गई। इस पुल से गुजरने के लिए 19 रुपए का टिकट निर्धारित है। लेकिन संचालकों ने ज्यादा टिकट इसलिए बेच दिए, जिससे एक ही दिन में कई दिनों का मुनाफा कमा लिया जाए।

हालांकि यह पुल छह माह से बंद पड़ा था। हाल ही में दो करोड़ रुपए खर्च करके इसकी मरम्मत कराई गई थी। घटना के पांच दिन पहले ही इसे खोला गया था। परंतु दुर्भाग्य यह रहा कि अधिकारियों ने मरम्मत के बाद इसके भार सहने की क्षमता की जांच नहीं की। नतीजतन पिकनिक स्पॉट के तौर पर इस्तेमाल होने वाला यह पुल टूट गया। 1980 में इस पुल का निर्माण राजा वाघजी ठाकोर ने दरबारगढ़ और मणि मंदिर को जोड़ने के लिए बनाया था, जिससे दर्षनार्थियों को आवागमन की सुविधा हो जाए। पुल से 30 फीट नीचे मच्छू नदी का तल पथरीला और ऊंचा-नीचा तो है ही, इसमें पानी भी कम रहता है। इसलिए जो लोग गिरे हैं, उनमें से ज्यादातर का बचना मुष्किल है।

देष में पर्यटन को बढ़ावा देने के चलते हादसों की संख्या लगातार बढ़रही है। 11 अगस्त 1979 को इसी मच्छू नदी का बांध ठह जाने से 2000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। दुर्गम धर्मस्थलों पर पहुंच आसान बनाने के लिए रोपवे और हवाई सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं, लेकिन देखने में आ रहा है कि यह आसान सुविधा, बड़ी दुर्घटनाओं का कारण भी बन रही है। केदारनाथ में हवाई दुर्घटनाएं आम होती जा रही हैं। रोपवे दुर्घटनाओं की तो गिनती करना ही कठिन है। धार्मिक पर्यटन की घटनाएं मानवीय भूल और भी? प्रबंधन में चूक के कारण हो रही हैं। देष की व्यावसायिक राजधानी मुंबई के एलफिंस्टन रेलवे स्टेषन के पैदल पुल पर मची भगदड़ से 2017 में 22 यात्रियों की मौत हो गई थी। हादसे के वक्त 103 साल पुराने संकरे पुल पर हजारों यात्री मौजूद थे। मुंबई में बारिश होने और एक साथ चार सवारी गाड़ियों के आ जाने की बजह से बड़ी संख्या में यात्री पुल पर ही अटक गए थे। इसी दौरान पुल टूटने व करंट फैलने जैसी अफवाहें फैली और भगदड़ मच गई। अमृतसर में रावण दहन के अवसर पर हुआ रेल हादसा सीधे-सीधे प्रशासनिक लापरवाही का सबब था। इस लापरवाही के चलते उत्सव में शामिल 61 लोगों की असमय मौत हो गई थी। देश में धार्मिक मेलों और सांस्कृतिक आयोजनों के दौरान भीड़ में भगदड़ मचने से होने वाले हादसों का सिलसिला लगातार बढ़ रहा है। बावजूद देखने में नहीं आया कि किसी अधिकारी की जबावदेही सुनिश्चित की गई हो और उसे दंडित किया जाकर नौकरी से हाथ धोने पड़े हों ? यही कारण है कि मेले-ठेलों में हादसों का सिलसिला लगातार बना हुआ है।

ठीक इसी किस्म की लापरवाही केरल में कोल्लम के पास पुत्तिंगल देवी मंदिर परिसर में हुई त्रासदी के समय देखने में आई थी। इस घटना में 110 लोग मारे गए थे और 383 लोग घायल हुए थे। यह ऐसी घटना थी, जिसे मंदिर प्रबंधन और जिला प्रशासन सचेत रहते तो टाला जा सकता था। क्योंकि मलयालम नववर्ष के उपलक्ष्य में हर वर्ष जो उत्सव होता है, उसमें बड़ी मात्रा में आतिशबाजी की जाती है और इसका भंडारण मंदिर परिसर में ही किया जाता है। आतिशबाजी चलाने के दौरान एक चिंगारी भंडार में रखी आतिशबाजी तक पहुंच गई और भीषण त्रासदी में लोगों की दर्दनाक मौतें हो गईं। यह हादसा इतना बड़ा और हृदयविदारक था कि खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिकित्सकों का दल लेकर कोल्लम पहुंचना पड़ा था। लेकिन इस तरह से संवेदना जताकर और मुआवजा देने की खानापूर्ति कर देने भर से मंदिर हादसों का क्रम टूटने वाला नहीं हैं। जरूरत तो शीर्ष न्यायालय के उस निर्देश का पालन करने की है, जिसमें मंदिरों में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रव्यापी समान नीति बनाने का उल्लेख है। भारत में पिछले डेढ़ दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है। जिसके चलते दर्शनलाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाली भगदड़ व आगजनी का सिलसिला जारी है। धर्म स्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें।

**प्रमोद भार्गव**

# आपका राशिफल 04 नवम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढ़ग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

## फिल्म वर्ग पहेली- 5976



**बायें से दायें:-**

१. 'सारे शहर में आप सा कोई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली की फिल्म-३
६. मिथुन, मधु, रंभा की 'तुम्हें हम बहुत प्यार करने लगे' गीत वाली फिल्म-३
७. 'तेरी प्यारी प्यारी' गीत वाली राजेंद्र कुमार, बी. सरोजादेवी की फिल्म-४
८. बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली फिल्म-३
९. राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
१४. 'सरकाय लेओ खटिया' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
१७. फिल्म 'शहीद' में नायिका?-३
१८. 'आई बहार खिलते हैं दिल' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म-२
२०. शशिकपूर, रेखा की 'जाने कैसे बीतेंगी ये बरसातें' अभिनीत फिल्म-३
२२. 'मच गया शोर सारी' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
२४. ऋषि, टीना की 'एक हसीना थी एक दीवाना था' गीतवाली फिल्म-२
२५. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायराबनो की फिल्म-२
२६. रणधीरकपूर, रेखा की 'हो देख तुझको दिल ने कहा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२८. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'दीवाने हैं दीवानों से तू' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'आइये आ जाइये, आ ही जाइये' गीत वाली अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, मनीषा, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
३१. राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला की 'नी मैं यार मनाना' गीत वाली फिल्म-२
३२. अमिताभ, जीनत की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बचपन की मोहब्बत को' गीत वाली भारतभूषण, मीना की फिल्म-२,३
२. सुनील दत्त, मीना की फिल्म-३
३. 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली कमल हासन, श्रीदेवी की फिल्म-३
४. लकी अली, मीरा की 'जाना है जाना है चलते ही' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मेरे सपनों की रानी कब' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१०. नसीरूद्दीनशाह, शबाना की 'सीली हवा छू गई' गीत वाली फिल्म-३
११. 'ऐसी रंग दे पिया' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा मालिनी की फिल्म-२
१२. सनी, अमृता की 'ये मेरी जिंदगी बेजान लाश थी' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा कोइराला की फिल्म-४
१५. 'एक लड़की बस गई' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'भोर आई गया अंधियारा' गीत वाली राजेश खन्ना, जया की फिल्म-३
१९. कमल सदाना, काजोल की 'जब ना माना दिल दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आशायें खिलें दिल की' गीत वाली नसीर, श्रेयस, श्वेता की फिल्म-४
२३. अनिलकपूर, फरहा की 'पूछ रही है लड़की हैदराबादी' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
२९. संजयदत्त, अभिषेक, जायेदखान, ईशा देओल, राइमासेन, शिल्पा की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 5975**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# मस्तक पर होती हैं 7 लकीरें सबसे ताकतवर हैं शनि रेखा

मान्यता है कि माथे पर बनी किस्मत की रेखाओं के अनुसार ही व्यक्ति का जीवन चलता है। इन रेखाओं के अनुसार ही किस्मत बनती और बिगड़ती है। लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि माथे पर बनी हर रेखा का एक गृह से संबंध है। जैसे सबसे ऊपर वाली रेखा को शनि रेखा कहा जाता है। यानी शनि ग्रह की स्थिति का असर इस पर पड़ता है। इसी तरह दूसरे नंबर वाली रेखा गुरु रेखा कहलाती है। वृहस्तपति से इसका सीधा संबंध है। इसके बाद क्रमशः मंगल रेखा, बुध रेखा, शुक्र रेखा, सूर्य रेखा और चंद्र रेखा आती हैं।

### किस्मत बदल सकती है शनि रेखा

माथे पर स्थित सबसे ऊपर वाली शनि रेखा में बहुत शक्ति होती है। ज्योतिष कहता है कि इसी कारण इसे सबसे ऊपरी का स्थान मिला है। समुद्र लक्षण विज्ञान में इसके बारे में विस्तार से बताया गया है। शनि रेखा अधिक लंबी नहीं होती है। केवल माथे के बीच में ही दिखाई देती है। समुद्र लक्षण विज्ञान कहता है कि इस रेखा के आसपास का हिस्सा शनि देव और शनि ग्रह से प्रभावित होता है।

मान्यता है कि जिस व्यक्ति के मारे पर यह रेखा साफ दिखाई देती है, वह गंभीर स्वभाव का होता है। वहीं, जिन लोगों का माथा थोड़ा उठा होता है और शनि रेखा स्पष्ट दिखाई देती है, वे अहंकारी होते हैं। ऐसे लोगों का स्वभाव रहस्यमयी भी होता है। इनके बारे में दूसरे को ज्यादा जानकारी नहीं होती है। ऐसे ही लोग जादूगर और तांत्रिक बनते हैं। जिन लोगों पर शनि देव प्रसन्न होते हैं, उनके लिए अच्छा वक्त शुरू हो जाता है। ज्योतिषियों की सलाह पर शनि देव की आराधना करें।

### माथे की लकीरें बताती हैं कितनी रहेगी उम्र

शरीर लक्षण विज्ञान के अनुसार मस्तक की रेखाओं को देखकर किसी भी व्यक्ति की उम्र का अनुमान लगाया जा सकता है। मस्तक पर दो पूर्ण रेखाएं हो तो व्यक्ति की उम्र लगभग 60 वर्ष होती है। वहीं सामान्य मस्तक पर तीन शुभ रेखाएं हो तो व्यक्ति करीब 75 वर्ष की आयु प्राप्त करता है। यदि मस्तक श्रेष्ठ हो तो जातक की उम्र और भी अधिक होती है। निम्न ललाट पर भी शुभ गुणों से युक्त चार रेखाएं हों तो जातक की आयु लगभग 75 वर्ष होती है।

सामान्य मस्तक पर पांच उत्तम रेखाएं हों तो ऐसे जातक सौ वर्ष तक सुख भोगते हैं। यदि उन्नत मस्तक पर पांच से अधिक रेखाएं हों तो जातक की आयु मध्यम और यदि मस्तक निम्न श्रेणी का हो तो जातक अल्पायु होता है। मस्तक की किन्हीं दो रेखाओं के किनारे आपस में एक-दूसरे का स्पर्श करते हैं तो ऐसे जातक की आयु करीब 60 वर्ष होती है। मस्तक पर यदि कोई रेखा न हो तो व्यक्ति 25 से 40 वर्ष की आयु में पीड़ा पाता है।

## सूडोकु नवताल- 6488

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6487 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |




## विचार प्रवाह

अपनों से खबरदार रहने की जरूरत है क्योंकि आपकी सफलता के गुब्बारे में पहली पिन चुभाने वाला आपका कोई अपना होता है। इतिहास गवाह है कि खबर हो या कब्र, खेदते अपने ही हैं। श्रीकृष्ण को जेल में डालने वाला कौन था सगा मामा। पार्श्वनाथ पर भीषण उपसर्ग करने वाला कौन था सगा भाई। ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं जिन्हें अपनो ने लूटा है।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## शब्द पहेली - 7528




**बाएँ से दाएँ**

1. तरंग,हिलोर-3
3. झगड़ा,द्वेष,कहासुनी-3
5. पार्थिव देह-2
6. जरा,थोड़ा-2
8. रहस्य जानने वाला-4
10. दरवेश, औलिया,पीर-3
12. बहुतांश-3
13. राजनीतिक पार्टी-2
14. हिरासत-2
15. साजन,प्रेमी-3
17. देवर्षि-3
19. भगवान,रब,करतार -4
21. श्रवणेंद्रिय-2
23. प्राण,जीवन तत्व-2
24. द्रव पदार्थ-3
25. डोली उठाने वाले-4

**ऊपर से नीचे**

1. भगवान राम का एक पुत्र-2
2. दया,करुणा-3
3. शर्ट,बुशर्ट-3
4. अधिकार-2
5. भद्र,कुलीन-3
7. बड़ा भवन,कोठी-3
8. हमेशा,हर पल-4
9. यात्री,पथिक,राहगीर-2
12. कुख्यात-2,2
15. तमीज,तहजीब-3
16. रात्रि,रजनी-2
18. शोषण करना,दबाना-3
19. आसान,सीधा-3
20. नाव चलाने वाला-3
22. झुका हुआ-2
23. मर्तबान,रुस का राजा-2

**शब्द पहेली -7527 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# सीएम शिवराज ने लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 का किया शुभारंभ



## सुनाई इस योजना के पीछे की कहानी

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बेटियों को बड़ी सौगात दी है। सीएम ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उत्सव पर लाडली लक्ष्मी योजना 2.0 का शुभारंभ किया। रविंद्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 1437 बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए पहली किश्त 12 हजार 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान ने सभी को बनाते वक्त कोई भेदभाव नहीं किया, इसलिए मैं कहता हूं कि माता पिता भी भेदभाव ना करें। भगवान को याद करने से पहले स्त्री का नाम लिया जाता है। जैसे गौरी-शंकर, सीता-राम, राधा-कृष्णा, और इन्हीं देवियों ने बुराई का अंत किया। सीएम ने कहा कि मनुष्य 3 चीजें चाहता है। पहली - शक्ति, दूसरा - धन और तीसरा - बुद्धि (विद्या)। शक्ति की देवी है दुर्गा जी, बुद्धि की देवी हैं सरस्वती जी और पैसे की देवी हैं लक्ष्मी जी। दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी किसकी पूजा करते हैं। हमारा समाज भूल गया है हजारों सालों की गुलामी के कारण हमारे विचार बदल गए है और धीरे - धीरे हमने बेटियों को अभिशाप मान लिया।

उन्होंने कहा कि इस भेदभाव के लिए मैं बचपन में कुछ नहीं कर पाया। एक जगह भाषण में मैंने बोल दिया कि बेटी को आने दो, बेटी है तो कल है। एक बूढ़ी अम्मा कहने लगी की बेटी बढ़ी होगी तो दहेज कौन देगा। जब तक बेटी को बोझ समझा जाएगा, समाज ऐसी ही बातें करेगा।

आगे सीएम शिवराज ने कहा कि उस वक्त मैं विधायक था। तब मेरे मन में एक विचार आया, क्यों ना बेटी लखपति ही पैदा हो। और तब मैंने बेटी की शादी का निर्णय लिया। इस दौरान जब बैंड बाजे के साथ बारात पहुंची तो लोग अचंभित रह गए। उस समय एक शादी करके बहुत आनंद आया, मुझे लगा पवित्र काम करना ही चाहिए।

सीएम ने बताया कि आखिर कैसे ये लाडली लक्ष्मी बनी कैसे बनी। उन्होंने बताया कि एक छोटे से गाव जैत में पैदा हुआ, आबादी 1000 के आसपास, अब मैं बचपन से देखता था। अगर गांव में कभी बेटा पैदा होता था, तो बड़ी खुशियां मनाई जाती थी। अगर कोई समर्थ लोग होते थे तो हवाई फायर करते थे। फायर करो, बंदूक लाओ, बेटा आया है। ढोल वाले को भी बुलाते थे। अगर बैंड वाले नहीं होते थे तो ढोलक वाला आ जाता था वही बजाता था। मिठाईयां बांटो, बेटा आया है और तो और मायके वाली भी आ जाएं, चलो..,बेटी के यहां बेटा आया है। बड़ी खुशियां मनाई जाती थी।उन्होंने आगे कहा कि अगर कभी बेटी आ जाती थी तो हर एक की बात मैं नहीं करता। ज्यादातर लोग कैसे होते थे कि पिता और दादा उनका मूड ऑफ हो ही जाता था, मां का चेहरा भी उतर जाता था, जैसे बेटी नहीं आफत आ गई हो। सांस तो आग बबूला हो जाती थी। हमारे यहां बेटी को बचपन में मोहड़ी कहते थे। अरे मुरहु आ गए। ऐसे लगता था जैसे कोई मातम पसरा हुआ है। तब से मैं सोचता था, ये भेद-भाव कैसा भगवान..?



# चंद्रग्रहण आठ नवंबर को

## चौंका देगा आपको चांद की रंगीन आभा का प्रभाव

भोपाल यशभारत। सूर्यग्रहण के 15 दिन बाद आगामी आठ नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा (गुरुनानक जयंती) पर चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना होने जा रही है। इसके बारे में राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि संध्या को पूर्वी आकाश में उदित होते हुए चंद्रमा के साथ मप्र में यह आंशिक चंद्रग्रहण के रूप में दिखेगा। भारत के पूर्वी राज्यों में लोग पूर्ण चंद्रग्रहण देख पाएंगे। मप्र में भी पूर्वी जिलों जैसे अनूपपुर, शहडोल में चंद्रमा का बड़ा भाग पूर्ण छाया में होगा तो पश्चिमी जिलों जैसे इंदौर, उज्जैन, झाबुआ में चंद्रमा का कुछ ही भाग पूर्ण छाया में होगा। हालांकि मप्र में यह आंशिक ग्रहण के रूप में ही होगा। सारिका ने बताया कि चंद्रमा का अपना प्रकाश नहीं है इस पर जब सूर्य की किरणें पड़ती हैं तो उसे परावर्तित करके यह चमकता है। पूर्ण चंद्रग्रहण के दौरान पृथ्वी, सूर्य और चंद्रमा के बीच में आकर प्रत्यक्ष सूर्य प्रकाश को चंद्रमा तक पहुचंने से रोकती है। लेकिन पृथ्वी के वायुमंडल से गुजरता हुआ अप्रत्यक्ष प्रकाश चंद्रमा पर पड़ता है।




# भोपाल में अग्निवीर भर्ती परीक्षा में M P के फर्जी दस्तावेज के साथ पकड़ाए 15 अभ्यार्थी

**भोपाल, यशभारत। राजधानी भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में अग्निवीर की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। इसमें 9 जिलों में करीब 45 हजार युवा भाग लेंगे। बताया जा रहा है कि अब तक करीब 20 हजार युवा भर्ती में भाग ले चुके है। जिनमें से लगभग 1700 युवाओं का फिजिकल में चयन हुआ है।**

**पूछताछ जारी**

लेकिन इसी प्रक्रिया के बीच राजधानी भोपाल में अग्निवीर भर्ती परीक्षा के 6वें दिन एमपी के फर्जी दस्तावेज के साथ यूपी के 15 अभ्यार्थी पकड़ाए है। इनके पास से डुप्लीकेट मूल निवास प्रमाण पत्र और मार्कशीट पाई गई है। फिलहाल इन लोगों से पुलिस और आर्मी इंटेलीजेंस पूछताछ कर रही है।दरअसल बुधवार को भर्ती में दौड़ में भाग लेने के बाद पास होने वाले अभ्यार्थियों के दस्तावेजों का वेरिफिकेशन चल रहा था। इसमें फर्जी दस्तावेजों के शंका होने पर 15 अभ्यार्थियों को पकड़ा गया है। इनसे फर्जी दस्तावेज बनाने वाले रैकेट का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

वहीं इससे पहले आर्मी ने लाल परेड ग्राउंड से एक संदिग्ध को भी गिरफ्तार किया था। वह परेड का वीडियो बना रहा था। साथ ही उस पर अभ्यार्थियों को फिजिकल टेस्ट में पास कराने का आरोप लगा था।




# एनटीसीए ने टाइगर रिजर्व में नाइट सफारी पर रोक लगाई

**M P में निर्देशों का उल्लंघन कर दोबारा**

, **भोपाल यशभारत।** मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने टाइगर रिजर्व में नाइट सफारी पर रोक लगाने के आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है। दरअसल, एनटीसीए ने टाइगर रिजर्व में नाइट सफारी पर रोक लगाई थी, इसके पालन में राज्य सरकार ने भी नाइट सफारी बंद कर दी। लेकिन बाद में दोबारा नाइट सफारी शुरू करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। अब इसे टीसीपी (टाइगर कंजर्वेशन प्लान) का भी उल्लंघन बता एनटीसीए के सदस्य सचिव को शिकायत की गई है।दिल्ली में इको टूरिज्म पर 18 जुलाई 2022 को फील्ड डायरेक्टर्स की बैठक हुई। इसमें अनुशंसा हुई कि टाइगर रिजर्व के अंदर वन्य प्राणियों को लाइट और शोर से तकलीफ हो रही है। इसके चलते टाइगर रिजर्व में तत्काल नाइट सफारी पर रोक लगाने की अनुशंसा की गई। इसे दोबारा 29 जुलाई को एनटीसीए की बैठक में रखा गया और कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को भेजा गया है। इसके पालन में राज्य सरकार ने रोक लगा दी, लेकिन 18 अक्टूबर को विभाग की तरफ से टाइगर रिजर्व में दोबारा नाइट सफारी चालू करने के आदेश कर दिए गए। इस मामले में एनटीसीए को शिकायत की गई है।वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने एनटीसीए के सदस्य सचिव को शिकायत की है। उन्होंने शिकायत में लिखा है कि विभाग के प्रमुख सचिव ने टूरिज्म लॉबी के दबाव में एनटीसीए के निर्देशों का उल्लंघन कर नाइट सफारी शुरू करने के आदेश जारी किए। जबकि कानूनी रूप से एनटीसीए के निर्देश बंधनकारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह आदेश टीसीपी (टाइगर कंजर्वेशन प्लान) का भी उल्लंघन है। इस मामले को आगे तक लेकर जाएंगे। रोक का आदेश अधिकारियों ने जारी कियावहीं, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) जसबीर सिंह चौहान ने एनटीसीए के नाइट सफारी पर रोक के सवाल पर कहा कि वह आदेश अधिकारियों ने जारी किया है।

**अपराध जगत में छाने की थी तमन्ना**

# लूट करने के लिए दीपावली पर खरीदी थी नई रेसर बाइक



**भोपाल, यशभारत। शाहपुरा** इलाके में सोमवार रात को सवा चार घंटे में मारपीट व चाकू अड़ाकर लूट करने वाले तीन लुटेरों को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लुटेरों में मुख्य आरोपित पर पहले से अपराध दर्ज है। एक नाबालिग आरोपित है, जो रेकी करता था। लूट के माल को खरीदने वाले एक किराना व्यापारी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस तरह कुल चार आरोपित गिरफ्तार किए गए हैं।

मुख्य आरोपित ने शहर में लूट करने के लिए दीपावली पर नई रेसर बाइक खरीदी थी। पुलिस ने आरोपितों के पास से लूटा गया माल बरामद कर लिया है। आरोपितों ने पुलिस के सामने पूछताछ में कबूल किया है कि वह शहर में लूटपाट करने के बाद रुपयों से मौजमस्ती करना चाहते थे और अपराध जगत में छाने की तमन्ना थी।

गिरफ्तार आरोपितों में ज्ञानोदय स्कूल के पास बागमुगालिया में रहने वाला अर्जुन अहिरवार (22), हरंवश विहार कालोनी दानिश नगर बागसेवनिया निवासी सत्यम बैरागी (20) है। यह दोनों मुख्य लुटेरे हैं। इसमें अर्जुन अहिरवार पर महिलाओं के साथ छेड़खानी के मामले दर्ज हैं, जबकि सत्यम बैरागी पर पहले से चोरी का प्रकरण दर्ज है। इसके अलावा रैकी करने वाले एक नाबालिग साथी को भी पुलिस ने गिरफ्त में लिया है। इसके अलावा लुटेरों से माल खरीदने वाले बागमुगालिया निवासी किराना व्यापारी नमन अग्रवाल (19) को गिरफ्तार किया है।200 रुपये में रखा था नाबालिग कोइस गिरोह ने लूट के मोबाइल खरीदकर उसे बेचने के लिए बागमुगालिया के किराना व्यापारी को अपने साथ मिला लिया था। रैकी करने के लिए 200 रुपये रोज पर अपने साथ नाबालिग को भी रखा था। यह गिरोह और लूट की वारदात कर पाता, उससे पहले ही एक आटो से टकराने के बाद पुलिस के हत्थे चढ गया।

# भोपाल में सीबीआई ने सेना के इंजीनियर को एक लाख की घूस लेते पकड़ा

**भोपाल,यशभारत।** सीबीआइ ने बुधवार को बैरागढ़ में सेना के 3 ईएमई सेंटर के सहायक इंजीनियर गैरीशन जी. जान कैनेडी को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में सीबीआइ ने कैनेडी से जुड़े दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। पकड़े जाने के बाद सीबीआइ ने कैनेडी और बाकी दोनों आरोपितों के कार्यालय में भी छापा मारा।सीबीआई भोपाल ने बुधवार शाम को एक फर्म की शिकायत पर यह कार्रवाई की है। कैनेडी के अलावा सीबीआइ ने सेना के असिस्टेंट इंजीनियर (गैरीशन) राजेंद्र सिंह यादव और जूनियर असिस्टेंट क्लर्क अरुण को भी आरोपी बनाया है। यह दोनों कैनेडी के काम में सहयोग करते थे। शिकायत करने वाली फर्म यहां मानव संसाधन की आपूर्ति करती थी। इसी संबंध में आरोपितों ने रिश्वत की मांग की थी। फर्म के संचालक ने इसकी शिकायत सीबीआइ से की थी। इनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण कायम किया है।हबीबगंज पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर पड़ोसी युवक के खिलाफ छे?छा? का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 18 वर्षीय युवती गत 21 अक्टूबर की रात करीब नौ बजे प?ास में रहने वाले दीपक के पास मोबाइल से फोन-पे और गूगल पे जैसे यूपीआइ से भुगतान करने को लेकर कुछ पूछने गई थी। इस दौरान दीपक ने उसका हाथ पक?कर दरवाजे से अंदर घसीट लिया ।

# 12 नवंबर को बैठेगी लोक अदालत, बिजली प्रकरणों में होंगे समझौते



**भोपाल, ईएमएस।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 12 नवंबर (शनिवार) को कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए एवं स्थानीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए लगाई जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में लोक अदालत में समझौता शर्तो का मसौदा जारी कर दिया गया है। कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत लंबित प्रकरण एवं ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में दर्ज नहीं हो सके हैं, उनके त्वरित निराकरण तथा धारा 126 के अंतर्गत बनाए गए ऐसे प्रकरण जिनमें उपभोक्ताओं द्वारा अपीलीय कमेटी के समक्ष आपत्ति/अपील प्रस्तुत नहीं की गई है, की प्रीलिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, पांच किलोवाट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जाएगी।

### प्री-लिटिगेशन स्तर पर

कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् छमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

### लिटिगेशन स्तर पर

कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

### छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी

आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता/उपयोगकर्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा वैध कनेक्शन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा।

# किसानों की मांगों को लेकर 22 नवंबर को आंदोलन करेगा भारतीय किसान संघ

**भोपाल ,यशभारत। प्रदेश में जले हुए ट्रांसफार्मर को 24 घंटे में बदलने, मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि चार हजार से बढ़ाकर दस हजार रुपये करने, कृषि से जुड़े विषय पर चर्चा के लिए विधानसभा का सात दिवसीय विशेष सत्र बुलाने सहित अन्य मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ 22 नवंबर को प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगा। आंदोलन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए संघ के प्रतिनिधियों की मंगलवार को बैठक हुई, जिसमें दो नवंबर से ग्राम स्तर पर प्रस्ताव पारित करने का निर्णय लिया गया।**

अपेक्स बैंक के समन्वय भवन में हुई बैठक में भारतीय किसान संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने बताया कि किसानों की कई समस्याएं हैं, जिसके निराकरण के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाए। इसमें चर्चा करके त्वरित निर्णय लिए जाएं।

जमीन की रजिस्ट्री होने के बाद नामांतरण में काफी परेशानी होती है। जंगली जानवर और आारा पशुओं से कृषि क्षेत्र की रक्षा कर उससे होने वाले नुकसान की शीघ्र भरपाई होनी चाहिए। जिन क्षेत्रों में कृषि भूमि की गाइड लाइन कम है, उसे बढ़ाया जाए। भूमि अधिग्रहण की स्थिति में चार गुना मुआवजा दिया जाए। अगरिया छापर में शिफ्ट होंगी 170 आरा मशीनें, मेट्रो का रास्ता साफभोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)। जिला प्रशासन ने मेट्रो की राह में बाधा बन रहीं 170 आरा मशीनों को जनपद पंचायत फंदा की ग्राम पंचायत अगरिया छापर में शिफ्ट करने की तैयारी



कर ली है। इसके लिए आरा मशीनों और फर्नीचर उद्योग के लिए जिला उद्योग केंद्र को यहां लगभग 65 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। इससे भोपाल मेट्रो के पहले रूट पर सुभाष नगर से आगे काम शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। उधर, आरा मशीन संचालक शिफ्टिंग के लिए तैयार नहीं है, लेकिन प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि जमीन तय हो गई है और अब यहीं पर शिफ्टिंग होगी।

दरअसल, बरखेड़ी क्रासिंग, भारत टाकीज, अल्पना तिराहा-रेलवे स्टेशन, नादरा बस स्टैंड से आगे सिंधी कालोनी तक मेट्रो लाइन भूमिगत रहेगी। इस वजह से यहां ज्यादा जगह भी खाली करानी होगी। फिलहाल आरा मशीनों की वजह से मेट्रो ट्रेन लाइन का रास्ता अभी अटका हुआ है।

एक दशक से चल रही शिफ्टिंग की कवायद

जानकारी के मुताबिक भारत टाकीज से पुलबोगदा पहुंच मार्ग पर स्थित आरा मशीन का बाजार वर्ष 1950 से पहले का है। पिछले 10 वर्ष से आरा मशीनों को यहां से शिफ्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। सात वर्ष इसके लिए पहले चांदपुर में जमीन तय की गई थी। व्यापारी प्लाट आवंटन तक के रुपये जमा कर चुके हैं, इसके बाद पहल नहीं हुई। स्थिति यह है कि जिला उद्योग केंद्र द्वारा किसी तरह का निर्माण कार्य शुरू नहीं करने के कारण यहां अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर लिया है। साथ ही कुछ प्रकरण न्यायालय में भी विचाराधीन हैं। लिहाजा, जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों ने शहर में ही अन्य स्थान पर जमीन मांग रखी थी। अब जाकर अगरिया छापर में भूमि आवंटित की गई है। पहले आरा मशीनों को उद्योग में शामिल नहीं किया गया था, लेकिन बाद में यह शामिल कर ली गई हैं।

# राजगढ़ जिले के ब्यावरा में घर से स्कूल के लिए निकलीं पांच छात्राएं गायब

भोपाल, ईएमएस। राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में बुधवार को घर से स्कूल जाने का कहकर निकली पांच छात्राओं के गायब होने की घटना सामने आई है। शाम तक ये छात्राएं घर वापस नहीं लौटीं तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की और थाने में थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। देर रात तक जब बच्चियों का कोई सुराग नहीं मिला तो आक्रोशित स्वजनों ने थाने में हंगामा कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर ब्यावरा पहुंचे पुलिस अधीक्षक अवधेश कुमार गोस्वामी ने कहा कि छात्राओं की तलाश के लिए पुलिस टीमों को अलग-अलग लोकेशनों पर रवाना किया गया है। छात्राओं को ढूंढने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।एसडीओपी नेहा गौर ने बताया कि पांचों छात्राएं शहर की कन्या शाला पढ़ती हैं। गुमशुदगी की जानकारी मिलने के बाद तलाश करने पर एक छात्रा के मोबाइल फोन की लोकेशन गुना में ट्रेस की गई थी। इसके बाद राघौगढ़ में भी लोकेशन ट्रेस होने के बाद फोन बंद हो गया। जिससे शाम के बाद छात्राओं की कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसी बीच छात्राओं की एक अन्य सहेली ने जानकारी दी कि पांचों बालिकाओं में से किसी एक का जन्मदिन था। सहेली के जन्मदिन की पार्टी करने वे सभी गुना गई हैं। हालांकि इसका कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं है। शाम तक बालिकाओं का कोई सुराग नहीं मिलने पर उनके परिजन समेत अन्य लोग बड़ी संख्या में थाने पहुंच गए थे। जिन्हें समझाकर शांत कराया गया और घर वापस भेजा गया। पुलिस लापता छात्राओं की खोजबीन में जुटी है।

## भारत से जीत के करीब आते हैं, पर जीत नहीं पाते... करारी हार पर छलका शाकिब अल हसन का दर्द



**एडिलेड, एजेंसी।** बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने टी20 विश्व कप 2022 बुधवार को भारत के हाथों मिली पांच रन की हार के बाद भारत के खिलाफ करीबी मैच न जीत पाने पर अफसोस जताया। शाकिब ने कहा, जब हम भारत के खिलाफ खेलते हैं, कहानी यही रहती है। हम लगभग जीत के करीब होते हैं लेकिन हम मैच खत्म नहीं कर पाते। दोनों टीमों ने इसका लुत्फ उठाया, यह शानदार मैच था और हम यही चाहते थे। अंत में किसी को जीतना है और किसी को हारना है। टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत और बंगलादेश का इतिहास रोमांचक मैचों से भरा हुआ है।

भारत ने बंगलादेश को टी20 वश्वि कप 2016 में मात्र एक रन से हराया था, जबकि बंगलादेश के खिलाफ निदाहास ट्रॉफी 2018 के फाइनल में दिनेश कार्तिक ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया था। एडिलेड ओवल पर बुधवार को खेले गए मैच में भी बंगलादेश ने 16 ओवर में 151 रनों का पीछा करते हुए सात ओवर में 66 रन बना लिये थे, लेकिन आखिरकार वह लक्ष्य से छह रन दूर रह गए। जीत के लिए 185 रन के लक्ष्य के जवाब में बांग्लादेश ने शानदार शुरूआत करके सात ओवर में बिना किसी नुकसान के 66 रन बना लिये थे। लिटन दास 27 गेंद में 60 रन बनाकर टीम को जीत की ओर ले जाते दिख रहे थे लेकिन बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल बहाल होने पर बांग्लादेश को 16 ओवर में 151 रन का संशोधित लक्ष्य मिला लेकिन आठवें ओवर की दूसरी ही गेंद पर राहुल ने डीप मिडविकेट से सटीक थ्रो पर दास को रन आउट कर दिया जो मैच का निर्णायक मोड़ भी साबित हुआ। बांग्लादेश की टीम छह विकेट पर 145 रन ही बना सकी। इससे पहले प्लेयर आफ द मैच कोहली के 44 गेंद में नाबाद 64 रन तथा राहुल के पचासे के दम पर भारत ने छह विकेट पर 184 रन बनाये थे। भारत के अब चार मैचों में छह अंक है और अंतिम चार में पहुंचने के लिए उसे रविवार को आखिरी मैच में जिम्बाब्वे को हराना होगा।

# टी20 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में कौन सी चार टीमें पहुंचेगी अब भी सस्पेंस

## भारत की बांग्लादेश के खिलाफ जीत बाद समझें ग्रुप-2 का पूरा गणित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में कौन सी चार टीमें पहुंचेंगी, इस पर सस्पेंस हर मैच के साथ बढ़ता ही जा रहा है। ग्रुप-2 की बात करें तो फिलहाल ऐसा लग रहा है कि दक्षिण अफ्रीका और भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग तय नजर आ रहा है, लेकिन क्या पाकिस्तान की उम्मीदें सेमीफाइनल में पहुंचने की पूरी तरह से खत्म हो चुकी हैं? बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया की पांच रनों से जीत ने पाकिस्तान का रास्ता पहले से ज्यादा कांटों भरा जरूर कर दिया है, लेकिन अभी भी पाकिस्तान सेमीफाइनल की दौड़ से पूरी तरह बाहर नहीं हुआ है। पाकिस्तान के दो मैच बचे हैं, एक उसे आज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलना है और आखिरी मैच बांग्लादेश के खिलाफ होगा। वहीं टीम इंडिया का एक मैच, जबकि दक्षिण अफ्रीका के दो मैच बचे हैं। ग्रुप-2 से नीदरलैंड टी20 वर्ल्ड कप 2022 सेमीफाइनल की दौड़ से आधिकारिक तौर पर बाहर हो चुका है, वहीं जिम्बाब्वे का भी पत्ता कट ही चुका है। दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के पास अभी भी सेमीफाइनल में पहुंचने का मौका है।

### दक्षिण अफ्रीका कैसे पहुंचेगा सेमीफाइनल में

दक्षिण अफ्रीका के लिए बस एक और जीत सेमीफाइनल में उनकी जगह पक्की कर देगी। दक्षिण अफ्रीका अगर हारता भी है, तो उसके लिए सेमीफाइनल में पहुंचने का रास्ता ज्यादा मुश्किल नहीं होगा, क्योंकि उनका आखिरी मैच नीदरलैंड से है और उनका नेट रनरेट ग्रुप में सबसे ज्यादा है।

### भारत कैसे पहुंचेगा सेमीफाइनल में

भारत को अपना आखिरी लीग मैच जिम्बाब्वे के खिलाफ 6 नवंबर को खेलना है। भारत अगर यह मैच जीत जाता है, तो सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। लेकिन हार या मैच रद्द होने पर भी उसके लिए सेमीफाइनल में पहुंचने का मौका होगा। भारत के खाते में छह प्वॉइंट्स हैं और पाकिस्तान और बांग्लादेश भी ज्यादा से ज्यादा अपने खाते में छह ही प्वॉइंट्स ला सकते हैं। पाकिस्तान का नेट रनरेट बढ़िया है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसकी जीत आसान नहीं होगी। वहीं बांग्लादेश का नेट रनरेट काफी बेकार है।

### पाकिस्तान कैसे पहुंचेगा सेमीफाइनल में

पाकिस्तान को हर हाल में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी और उम्मीद करनी होगी कि भारत को जिम्बाब्वे के खिलाफ हार झेलनी पड़े। क्योंकि मैच अगर रद्द भी होता है, तो भारत के सात प्वॉइंट्स हो जाएगा और पाकिस्तान के खाते में दो जीत दर्ज करने के बावजूद छह ही प्वॉइंट्स हो पाएंगे।

### बांग्लादेश कैसे पहुंचेगा सेमीफाइनल में

बांग्लादेश के लिए यहां से सेमीफाइनल का रास्ता लगभग खत्म हो चुका है। बांग्लादेश ने चार में से दो मैच जीते हैं और दो गंवाए हैं। उनका नेट रनरेट भी ग्रुप-2 में सबसे घटिया है। उन्हें अपने आखिरी लीग मैच में पाकिस्तान को बड़े अंतर से हराना ही होगा। फिलहाल बांग्लादेश की सेमीफाइनल की डगर सबसे ज्यादा मुश्किल नजर आ रही है।

## DDLJ में शाहरुख-काजोल के बेडरूम सीन में हुई थी गड़बड़, पता है किसने दिया फिल्म का टाइटल?



**मुंबई, ईएमएस।** शाहरुख खान के बर्थडे (2 नवंबर) पर उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे सिनेमाघरों मे फिर से रिलीज की गई है। यह फिल्म 1995 में रिलीज हुई थी। 13 अप्रैल 2007 तक की रिपोर्ट के मुताबिक, मूवी रिलीज होने के बाद 600 हफ्तों तक लगी रही थी। यानी कि 11 साल तक, जो कि वर्ल्ड रिकॉर्ड है। वहीं मुंबई के मराठा मंदिर थिएटर में यह फिल्म 20 साल से ज्यादा समय तक चली। ऐसी ही फिल्म से जुड़ी कुछ और इंट्रेस्टिंग बातें आज आप यहां जान सकते हैं।

### न देख पाने वालों को भी पसंद आई थी फिल्म

शाहरुख खान और काजोल आज भी राज और सिमरन बनकर कई फैन्स के दिलों पर राज करते हैं। इसका क्रेडिट उनकी फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे को जाता है। मूवी को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। IMDb के मुताबिक, कई दृष्टिहीन लोगों को भी यह फिल्म काफी पसंद आई। ये भी पढ़ें- शाहरुख खान के बर्थडे पर फैंस को तोहफा, थिएटर में जाकर देखें चदिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे।

### किसने दिया था फिल्म का टाइटल?

फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे का टाइटल उस वक्त आ रही फिल्मों की तुलना में काफी बड़ा था। कम लोग जानते हैं कि यह टाइटल अनुपम खेर की वाइफ किरण खेर ने सुझाया था। इंट्रेस्टिंग बात है कि उन्हें फिल्म में इसका क्रेडिट भी दिया गया है। फिल्म हनी ईरानी ने लिखी थी लेकिन उनको उतना क्रेडिट नहीं मिल पाया।

### काजोल को बिना बताए गिराया

फिल्म के गाने रुक जा ओ दिल दीवाने के आखिर में शाहरुख खान काजोल को गिरा देते हैं। डायरेक्टर आदित्य चोपड़ा ने यह बात पहले से काजोल को नहीं बताई थी ताकि उनका असली रिऐक्शन मिल सके।

### शाहरुख को अवॉर्ड मिला तो रूठ गए आमिर

दिलवाले दुलहनिया ले जाएंगे को नैशनल अवॉर्ड सहित उस साल के कई अवॉर्ड्स मिले थे। शाहरुख खान को फिल्मफेयर ने बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आमिर खान ने इसी के बाद से फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में जाना छोड़ दिया क्योंकि उन्हें रंगीला के लिए अवॉर्ड की उम्मीद थी।

### बेडरूम वाला सीन था कठिन

शाहरुख खान काजोल से एक सीन में बीती रात को लेकर मजाक करते हैं। आदित्य चोपड़ा को यह सीन शूट करने में काफी दिक्कत आई थी। जैसे ही शाहरुख अपनी शर्ट उतारते काजोल हंसने लगती थीं। शाहरुख के सीने पर लिपस्टिक के निशान काजोल ने ही बनाए थे।

## केरल के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित होगी द स्टोरीटेलर

**एजेंसी, मुंबई।** फिल्म द स्टोरीटेलर को भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के लिए चुने जाने के बाद केरल के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफके) में प्रदर्शित किया जाएगा। इस फिल्म में परेश रावल, आदिल हुसैन, तनिष्ठा चटर्जी, जयेश मोरे और रेवती हैं। इस बारे में परेश रावल ने कहा, ये गर्व और संतुष्टि के क्षण हैं। महान फिल्म निर्माता सत्यजीत रे की एक लघु कहानी पर आधारित, द स्टोरीटेलर एक अमीर व्यवसायी की कहानी पर आधारित है, जो अपनी अनिद्रा को दूर करने में मदद करने के लिए एक कहानीकार को काम पर रखता है और अधिक पेचीदा हो जाता है, क्योंकि इसमें ट्विस्ट जुड़ जाते हैं।

## आयुष के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएगी श्रेया

एजेंसी, मुंबई। पहली बार एक्ट्रेस सुश्री श्रेया मिश्रा फिल्म एएस04 में आयुष शर्मा के साथ मुख्य भूमिका निभाने जा रही हैं। यह पहली बार है जब अभिनेत्री मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। पूर्व फेमिना मिस इंडिया यूनाइटेड कॉन्टिनेंट्स श्रेया ने पहले अपनी पिछली परियोजनाओं में कुछ छोटी भूमिकाएँ की हैं जिनमें अभय देओल अभिनीत जीरो और रोमांटिक ड्रामा फिल्म मलाल भी शामिल है। के.के. राधामोहन, श्रीसथ्यसाई आर्ट्स के बैनर तले, एएस04 कात्यायन शिवपुरी द्वारा निर्देशित है। फिल्म 2023 में रिलीज होने वाली है। फिल्म में महिला प्रधान के रूप में सुश्री को चित्रित करने के कारण, आयुष ने कहा, हम एएस04 के लिए एक नए नाम की तलाश कर रहे थे, जो न केवल एक नया चेहरा है, बल्कि कोई है जो अपने व्यक्तित्व से आपका ध्यान खींच सकता है। सुश्री अपने लुक्स के साथ-साथ अपने अभिनय कौशल और एक्शन क्षमताओं के साथ बिल पर पूरी तरह फिट बैठती हैं। हमने पहले ही कुछ हिस्सों की शूटिंग कर ली है और हम उन्हें बोर्ड में पाकर रोमांचित हैं।



## अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली को डेट करने की खबर पर सिद्धांत चतुर्वेदी बोले- काश वह मेरी...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा और एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी के रिलेशनशिप की खबरें काफी समय से सुर्खियों में है। दोनों एक-दूसरे के पोस्ट पर खूब कमेंट्स करते हैं और जब भी किसी इवेंट में दोनों साथ नजर आते हैं तो उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर जरूर वायरल होती हैं। हाल ही में दोनों मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में भी नजर आए। कई बार सिद्धांत से रिलेशनशिप की खबरों के बारे में पूछा गया जिस पर वह हमेशा नव्या को अच्छा दोस्त बताते। अब हाल ही में सिद्धांत से एक इंटरव्यू में फिर इन खबरों पर अपना रिएक्शन दिया। दरअसल, हाल ही में सिद्धांत अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म फोन भूत के प्रमोशन के लिए पहुंचे। इस फिल्म में उनके साथ ईशान खट्टर और कटरीना कैफ लीड रोल में हैं।इस दौरान सिद्धांत और ईशान से पूछा गया कि आपको लेकर ऐसी कोई अफवाह है जिसे वह चाहते हैं कि सच हो। इस पर सिद्धांत ने गुड टाइम्स से बात करते हुए कहा कि ये अफाह कि मैं किसी को डेट कर रहा हूं। काश येसच होता। वैसे बता दें कि भले ही सिद्धांत कई बार इन अफवाहों को मना करते हैं, लेकिन उतना ही उनके चर्चे बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में जब करण जौहर के शो में सिद्धांत पहुंचे तो करण ने उनसे पूछा था कि क्या वह किसी को डेट कर रहे हैं तो सिद्धांत ने जवाब दिया था कि फिलहाल मैं सिर्फ काम के साथ कमिटिड हूं। इस पर फिर ईशान ने बीच में चिढ़ाते हुए कहा था, अरे इनसे पूछो कि आनंदा कौन है? इस पर सिद्धांत तुरंत कहते हैं कि नहीं यार मैं सिंगल हूं।

# शाहरुख से पहले इनको ऑफर हुआ रोल

## फिल्म में लीड रोल का ऑफर पहले आमिर खान, सलमान खान और सैफ अली खान को ऑफर किया गया था।

## शाहरुख खान की जिंदगी पर फिट बैठते हैं पठान के ये डायलॉग्स, क्या आपने किया नोटिस?

**मुंबई, एजेंसी।** शाहरुख खान की मच अवेटेड फिल्म पठान की झलक लोगों को मिल चुकी है। फिल्म का टीजर उनके बर्थडे पर रिलीज किया है। ऐक्शन से भरपूर टीजर देखकर उनके फैन्स काफी एक्साइडेट हैं। फिल्म का टीजर देखेंगे तो आपको कई पुरानी फिल्मों की याद आ सकती है। लेकिन इसके शुरुआती डायलॉग्स गौर करने वाले हैं। अगर आप ध्यान से सुनेंगे तो ये आपको शाहरुख खान की जिंदगी पर सटीक बैठते नजर आएंगे।

### बोले गए हैं ये डायलॉग्स

फिल्म के टीजर की शुरुआत होती है, क्या जानते हो पठान के बारे में... तीन साल से उसकी कोई खबर नहीं, अपने लास्ट मिशन में वह पकड़ा गया, सुना है बहुत टॉर्चर किया गया उसे, पता नहीं कि पठान मर गया है या... इसके बाद शाहरुख बोलते हैं, पठान जिंदा है।

### 3 साल से उसका पता नहीं...

एक तरह से ये सारी बातें शाहरुख खान की जिंदगी की कहीं न कहीं झलक देती हैं। शाहरुख खान की आखिरी फिल्म जीरो दिसंबर 2018 में रिलीज हुई थी। 2019 से वह लगभग गायब हैं। टीजर में भी बोला जाता है, तीन साल से उसकी कोई खबर नहीं। शाहरुख की आखिरी फिल्म जीरो फ्लॉप थी। पठान भी अपने आखिरी मिशन में पकड़ा गया था।




### किया गया टॉर्चर...

इसके बाद डायलॉग है, सुना है उसे बहुत टॉर्चर किया गया। शाहरुख खान की जिंदगी में भी इस बीच काफी अप्स ऐंड डाउन्स रहे। वजह जो भी हो लेकिन पर्सनली उनके लिए ये किसी टॉर्चर से कम नहीं रहे। गौरी खान भी बता चुकी हैं कि आर्यन का जेल जाना उनके परिवार का सबसे बुरा वक्त था। ये भी देखें- Pathaan Teaser: एक्शन की सुनामी लेकर आ गया पठान, चकिंग ऑफ एक्शनज्बनने की तैयारी में स्क्र्र्य!

### टीजर में दिया जवाब?

लोग लगातार बोल रहे थे कि शाहरुख का करियर खत्म हो चुका। इसी का जवाब शाहरुख ने फिल्म पठान के रूप में दिया है और टीजर में वह बोलते हैं, पठान जिंदा है। हालांकि यह डायलॉग सलमान की फिल्म टाइगर जिंदा है की भी याद दिलाता है।

### कुर्सी के पेटी बांध लो...

पूरे टीजर में सिर्फ ऐक्शन दिखाया गया है और शाहरुख के ये सिलेक्टेड डायलॉग्स हैं। आखिर में शाहरुख बोलते हैं, अपनी कुर्सी की पेटी बांध लो, मौसम बिगड़ने वाला है। फिल्म में दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी हैं। अगर आप ऐक्शन फिल्में पसंद करते हैं और शाहरुख-दीपिका के फैन हैं तो टीजर जरूर पसंद आया होगा। बाकी फिल्म में कितना दम है यह बात ट्रेलर आने के बाद और साफ हो पाएगी। फिल्म 25 जनवरी 2023 को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी।



# घर से जेवर, दुकान से नगदी व खेत से कटीली तार चोरी

## पुलिस की लचर गश्त प्रणाली से फिर बढ़ी चोरियां

### जिले भर में चोर उच्चके व उठाईगीर सक्रिय

**कटनी, यशभारत।** पुलिस की लचर गश्त प्रणाली का फायदा एक बार फिर चोर, उच्चके व उठाईगिर उठाने लगे हैं। जिसके कारण शहर से लेकर गांव-गांव तक चोरी की वारदातें एक बार फिर बढ़ने लगी हैं। बीते 24 घंटे में बदमाशों ने घर, मकान, खेत व दुकान में धावा बोलकर नगदी, जेवर सहित लाखों का सामान लेकर चंपत हो गए। एनकेजे थाना अंतर्गत प्रेमनगर बस्ती में बदमाशों ने सूने मकान को निशाना बनाया। बताया जाता है कि प्रेमनगर बस्ती में काली मंदिर के पास निवास करने वाले सुधीर पिता मूलचंद विश्वकर्मा दिवाली पर्व पर अपने गांव गोपाष्टमी की पूजा करने परिवार सहित मकान में ताला लगाकर गए थे। इसी का फायदा बदमाशों ने उठाया और मकान का ताला तोड़कर अंदर से एक सोने का मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, सोने के 1 जोड़ी झुमकी, चांदी के 1 हाथ की मेहंदी, चांदी का जूड़ा 7 नग, एक चांदी का डोरा, चांदी की बिछिया, 1 जोड़ी चांदी की चेन सहित दो हजार रुपए नगद लेकर चंपत हो गए। विश्वकर्मा परिवार के अनुसार चोरी लाखों की है लेकिर पुलिस ने जेवरों का पुराना भाव लगाते हुए कुल 41 हजार रूपए की चोरी दर्ज की है। सहायक उपनिरीक्षक दयाराम बर्मन ने बताया कि मकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

### बंटी-बबली ने दुकान के काउंटर से पलक झपकते उड़ाए 19 हजार



स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत स्लीमनाबाद तिराहा स्थित जैन किराना के संचालक नीशू जैन बीतीरात अज्ञात व्यक्तियों से ठगी का शिकार हो गए। ठगी करने वाले व्यक्ति विदेशी बताए जा रहे हैं। किराना दुकानदार नीशू जैन ने बताया कि व्यापारी बन आए विदेशी ठग ने जिसमें एक पुरुष एक महिला शामिल थी। दोनों पहले तो किराना सामग्री निकलवाई फिर भारतीय करेंसी का दिखाने का आग्रह किया। विदेशी व्यक्ति ने भी दुबई करेंसी पास मैं होना बताया। जिस पर किराना दुकानदार ने 40 हजार रुपये के नोटो की गड्डी दिखाई की यह भारतीय करेंसी है। जिस पर पलक झपकते ही चंद मिनट में आधे नोट गड्डी से गायब हो गए व उक्त व्यक्ति बिना सामग्री लिए चले गए। इस प्रकार की ठगी की घटना हुई है यह संदेह समझ नहीं आया है। जब नोटो की गिनती की तो उक्त नोटो की गड्डी से 19 हजार रुपये कम निकले। जिस पर तत्काल तिराहा में उक्त व्यक्ति की खोजबीन करनी शुरू की गई है लेकिन तब तक दोनों व्यक्ति भाग खड़े हुए। इस संबंध मे स्लीमनाबाद थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि उक्त अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर खोजबीन की जा रही है।

### पूर्व विधायक के यहां चोरी का असफल प्रयास

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दुबे कालोनी मोड़ स्थित पूर्व विधायक गिरीराज किशोर पोद्दार के निवास में भी चोरी के असफल प्रयास की घटना प्रकाश में आई है। बताया जाता है कि पूर्व विधायक श्री पोद्दार बीतीरात जब सफर में थे। उसीदौरान बदमाशों ने उनके यहां धावा बोला। उस समय श्री पोद्दार की बहू घर में अकेली थी। जिसने चोरों की आहट सुनी और शोर मचाया तो बदमाश मकान के अंदर एक चाकू छोड़कर भाग गए। इस मामले में पूर्व विधायक श्री पोद्दार ने कोतवाली पुलिस पर मामले को गंभीरता से न लेने का भी आरोप लगाया है और एक शिकायत प्रदेश के गृहमंत्री व पुलिस महानिदेशक से की है। वहीं गहोई समाज ने भी जिले में बिगड़ती कानून व सुरक्षा को व्यवस्था को लेकर एक बैठक कर चिंता जाहिर की है।

### खेत से 50 हजार की कटीली तार ले गए

कुठला थाना अंतर्गत ग्राम मतवार पड़रिया के घटखिरवा हार से बदमाश खेत से 50 हजार रूपए कीमती कटीली तार व लोहे की झड़े लेकर चंपत हो गए। पुलिस ने दुर्गा चौक खिरहनी निवासी देशराज चौधरी की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### सराफा दुकान से चांदी के जेवर पार

बड़वारा थाना अंतर्गत सराफा दुकान में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। लोकेश सोनी ने पुलिस को बताया कि सुबह पहुंचने पर दुकान का शटर टूटा हुआ था। जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची। अंदर सामान बिखरा मिला। चांदी के जेवर गायब थे । पीड़ित ने बताया कि इसके पहले एक और घटना हो चुकी है। लगभग 7 लाख रुपए के जेवर की लूट हुई थी। इस घटना की रिपोर्ट चंदिया जाने में दर्ज कराई गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**ईसाई समुदाय के लोगों ने कब्र पर मोमबत्ती जलाकर किया पूर्वजों को याद**

## पुरखों की याद में रोशन हुआ कब्रिस्तान



**कटनी, यशभारत।** शहर के बरगवां क्षेत्र स्थित द्वारका सिटी के समीप मसीही समाज के कब्रिस्तान में ईसाई समाज ने अपने पूर्वजो की याद में कब्र पर मोमबत्ती जलाकर उन्हें स्मरण किया। हर साल 2 नवंबर को ईसाई समाज मुर्दो की ईद के रूप में इसे मनाता है। चर्च के बिशप और फादर ने सैकड़ो लोगो के साथ मिलकर यहां प्रार्थना की। इसके साथ ही फूल भी अर्पित किये गए। प्रार्थना करने वालों में फादर रोशनए जेसू अमृतमए टाइटस और फ्रांसिस मौजूद रहे। मसीही समाज के कब्रिस्तान में बुधवार को शहर के मसीहियों ने कब्रगाहों में मृत विश्वासियों के लिए विशेष प्रार्थना की। तत्पश्चात पूर्वजों को याद करने हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कब्रगाहों में पुरोहितों की अगुवाई में परिजनों द्वारा मृत विश्वासियों को अनंत शांति प्रदान करने के लिए विशेष प्रार्थना की गई। कब्र पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। गौरतलब है कि यह त्योहार मृत विश्वासियों को स्मरण करने के दिन के रूप में मनाया जाता है।

## कुएं में डूबने से महिला की मौत

**कटनी, यशभारत।** कैमोर थाना अंतर्गत एक महिला की कुएं में डूबने से महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को निकलवाते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। कैमोर थाना प्रभारी सुदेश कुमार ने बताया कि ग्राम नंहवाराकला निवासी 41 वर्षीय कुसुम बाई पति लक्ष्मी प्रसादकोल कुएं में गिर गई और पानी में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। महिला ने आत्महत्या किया है या फिर हादसे का शिकार हो गई है, अभी इसका खुलासा नहीं हो पाया है।



## स्थानांतरित अभियोजन अधिकारियों को दी गई विदाई

**कटनी, यशभारत।** शासन द्वारा जिला कटनी लोक अभियोजन अधिकारियो के थोक में तबादले किए गए हैं। 5 अभियोजन अधिकारियों में से कटनी को मात्र 3 अभियोजन अधिकारी प्राप्त हुए हैं। सभी स्थानांतरित अभियोजन अधिकारी भारमुक्त किये जा चुके हैं और बदले में खरगोन से एडीपीओ अरमेन्द्र कुमार तिवारी एवं बैतूल से एडीपीओ प्रसून कुमार द्विवेदी द्वारा आमद दी गई। अभियोजन अधिकारियों के अतिरिक्त सहायक ग्रेड-3 शुभम गुप्ता एवं राजेश्वरी पटवा एवं एपीसीडी मोहित छबलानी की पदस्थापना भी हुई है। जिला अभियोजन कटनी कार्यालय में भारमुक्त हुए उपसंचालक अभियोजन विजय कुमार उइके एवं एडीपीओ नविता पिल्लई, संजय पटेल, विजयराघवगढ दीप्ति पटेल एवं सहायक ग्रेड-3 आनंद पटेल को विदाई दी गई। एडीपीओ सुरेन्द्र कुमार गर्ग ने बताया कि इस दौरान अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी रामानुस टोप्पो द्वारा जिला अभियोजन अधिकारी हनुमंत किशोर शर्मा को उपसंचालक का प्रभार दिलाया गया। कार्यक्रम में लोक अभियोजक रजनीश सोनी सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## जुआफड़ों में दबिश, सात जुआरी गिरफ्तार

कटनी, यशभारत। कोतवाली पुलिस ने दो ठिकानों पर दबिश देकर सात जुआरियों को पकड़ा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गोल बाजार रामलीला मैदान के पास अजय खटीक, आदर्श बर्मन, नितेश निषाद को पुलिस ने जुआ खेलते पकड़ा है। जुआरियों के पास से 590 रुपए जप्त किए हैं। इसी प्रकार गोलबाजार में ही अमित दुबे, सुमित निषाद, राहुल सोनी, गुड्डू निषाद को जुआ खेलते पकड़ा गया है। जुआरियों के पास से 1050 रुपए जप्त किए गए हैं।

## अज्ञात कारण से वृद्ध की मौत

**कटनी, यशभारत।** कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम देवरीमझगवां में अज्ञात कारण से एक वृद्ध की मौत हो गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम देवरी मझगवां निवासी 70 वर्षीय परमजीत सिंह पिता मुख्त्यार सिंह पुन्नी की अज्ञात कारण से मौत हो गई। सहायक उपनिरीक्षक जयराम साकेत ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

## विषपान से प्रौढ़ की मौत



**कटनी, यशभारत।** बहोरीबंद थाना अंतर्गत सिमरापटी में एक प्रौढ़ की जहर पीने से इलाज दौरान मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिमरापटी निवासी 45 वर्षीय राजभान पिता रामचरण विश्वकर्मा ने जहर पी लिया था। परिजनों द्वारा उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## मोटर सायकलों की भिडंत में एक की मौत

### माधवनगर थाना क्षेत्र के इमलिया रोड पर हुई सड़क दुर्घटना

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना क्षेत्र के इमलिया रोड पर दो मोटर सायकलों के बीच हुई भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेते हुए पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि माधव नगर थाना अंतर्गत हॉस्पिटल लाइन निवासी 35 वर्षीय संजय पिता रामचंद्र माधवानी मोटर सायकल से इमलिया गांव की ओर अपने घर आ रहा था। इसी दौरान एक दूसरे बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**चार अज्ञात युवकों के विरूद्ध मामला दर्ज**

## चौकी के बाजू में पेशाब करने से मना करने पर नगर रक्षा सैनिक से मारपीट



**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना क्षेत्र की बस स्टेण्ड पुलिस चौकी के बाजू से पेशाब करने से मना करना चौकी में पदस्थ भरत मिश्रा को महंगा पड़ गया। चौकी के बाजू से पेशाब कर रहे बदमाश नगर सैनिक के रोकते ही आग बबूला हो गए और उसके साथ मारपीट कर चलते बने। पुलिस ने नगर सैनिक की शिकायत पर चार अज्ञात युवकों के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बस स्टेण्ड पुलिस चौकी के बाजू से चार अज्ञात युवक पेशाब कर रहे थे। जिन पर चौकी में पदस्थ नगर सैनिक भरत मिश्रा की नजर पड़ी तो वह मौके पर पहुंचा और युवकों को चौकी के बाजू से पेशाब करने से मना किया। जिसके बाद चारों अज्ञात युवकों ने नगर सैनिक भरत मिश्रा के साथ मारपीट करते हुए शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने नगर सैनिक की शिकायत पर चारों अज्ञात युवकों के खिलाफ सरकारी कर्मचारी से मारपीट करने, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने, जान से मारने की धमकी देने की धारा 294, 353, 332, 506, 34 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

**आधे घंटे मुड़वारा स्टेशन में खड़ी रही क्षिप्रा एक्सप्रेस**

## पानी व सफाई न होने से यात्रियों ने ट्रेन रोककर मचाया हंगामा



**कटनी, यशभारत।** हावड़ा से इंदौर के बीच कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलने वाली क्षिप्रा एक्सप्रेस के यात्रियों ने बीतीरात मुड़वारा स्टेशन में जंजीर खींचकर ट्रेन रोकी और जमकर हंगामा मचाया। यात्री ट्रेन में पानी न होने व गंदगी होने पर हंगामा मचा रहे थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे रेल अधिकारियों ने ट्रेन में पानी भरवाया और सफाई कराई। जिसके बाद यात्रियों का हंगामा शांत हुआ और ट्रेन आगें के लिए रवाना हुई। इस दौरान ट्रेन लगभग 30 मिनट तक मुड़वारा स्टेशन में खड़ी रही। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की रात करीब 1:45 बजे गाड़ी संख्या 22912 क्षिप्रा एक्सप्रेस पहुंची। निर्धारित स्टॉपेज के बाद ट्रेन को रवाना किया गया। ट्रेन चलते ही यात्रियों ने चेन खींचकर उसे रोक दिया और कई यात्री बोगियों से बाहर निकल आए। टीसी, गार्ड और रेलकर्मियों ने सवाल-जवाब किए तो यात्रियों ने बताया कि हावड़ा से ही ट्रेन में पानी कमी है। कई यात्री रेलवे हेल्पलाइन नंबर व ट्वीट कर अपनी शिकायत दर्ज करा चुके हैं लेकिन रास्ते में कहीं भी पानी के इंतजाम नहीं किए गए। इस दौरान यात्री ट्रेन में पानी उपलब्ध कराने की मांग पर अड़ गए। स्टेशन प्रबंधक संजय दुबे ने यात्रियों ने दूरभाष पर चर्चा करते हुए मातहम रेलवे अधिकारियों को इंतजाम करने कहा। आनन-फानन में ट्रेन के सभी कोच में पानी भरवाया और सफाई कराई गई। इसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

### इनका कहना है

क्षिप्रा एक्सप्रेस में पानी व सफाई न होने पर यात्रियों ने चेन खींचकर ट्रेन रोक दी थी। यात्रियों को समझाइश देकर शांत कराया गया और सभी इंतजाम किए गए। इस दौरान ट्रेन विलंब से रवाना की गई।

**-संजय दुबे, स्टेशन प्रबंधक, मुड़वारा स्टेशन**


**मकान बेचना है**

मंगलनगर रामकृष्ण परमहंस वार्ड नम्बर 35, सन्यासी बाबा मंदिर के पास 50 फुट लम्बा, 25 फुट चौड़ा, डबल स्टोरी बेचना है। सम्पर्क करें - 9713529580

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

कटनी की प्रथम अत्याधुनिक
32-96 स्लाइस की मशीन
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
ई.सी.जी. रिपोर्टिंग मशीन सुविधा उपलब्ध
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087, 8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ.दीपक सक्सेना
डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)